हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● सोमवार ● 15.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 318 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

फ्रांस के नीस शहर में आयोजित भारत इनोवेट्स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा

## भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच भारत इनोवेट्स सेतु का कार्य करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली/नीस (फ्रांस) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित भारत इनोवेट्स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को वैश्विक मंच पर एक नई ऊंचाई दी है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को साझा दृष्टि, नवाचार और आपसी विश्वास पर आधारित बताते हुए कहा कि भारत इनोवेट्स मंच भारत की असीम प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। यह मंच भारतीय नवाचारों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने और युवाओं को यूरोपीय विशेषज्ञता से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त रूप से इस ऐतिहासिक भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस खास अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत से पहले दुनिया के प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की, जिसमें भारत के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

दुनियाभर के देशों के बीच होने वाले व्यापारिक समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ संबंध केवल नफा-नुकसान या साझा हितों तक सीमित नहीं होते। भारत और फ्रांस का रिश्ता इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण है। यह जुड़ाव गहरे दृढ़ विश्वास, नवाचार, प्रेरणा, साझा मूल्यों और एक दूरदर्शी दृष्टिकोण पर टिका हुआ है। इसी मजबूत नींव के कारण हाल के वर्षों में दोनों देशों ने रक्षा से लेकर तकनीक के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक साझेदारियां की हैं।

प्रधानमंत्री ने भारतीय युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि 21वीं सदी का भारत एक अभूतपूर्व स्टार्टअप क्रांति का गवाह बन रहा है। भारत का युवा अब दुनिया के सामने खड़ी बड़ी समस्याओं के वैश्विक समाधान खोज रहा है। उन्होंने गर्व से कहा कि आज भारत केवल किसी तकनीक या समाधान का उपभोक्ता नहीं रह गया है, बल्कि वह दुनिया को समाधान देने वाले देश अर्थात तकनीक प्रदाता के रूप में उभर रहा है।

वहाँ मौजूद युवा उद्यमियों की ऊर्जा की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इनमें नए भारत का आत्मविश्वास झलकता है। आज देश के युवा उद्यमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए ग्रामीण भारत की सूरत बदल रहे हैं, तो वहीं कुछ युवा सैटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल कर सीधे हमारे किसानों की मदद कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य ऐसी तकनीक विकसित करना है जो पूरी मानवता के काम आए। इसी सोच के साथ भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर काम कर रहा है और हमारी एआई नीति भी सबके लिए एआई के सिद्धांत पर आधारित है।

### फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी का हुआ भव्य स्वागत

नीस (फ्रांस), 14 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा के तहत शनिवार को फ्रांस के नीस शहर पहुंचे हैं। फ्रांस पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट और होटल के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद प्रवासी भारतीयों से मिले स्नेह से अभिभूत प्रधानमंत्री ने कहा कि मातृभूमि से हजारों किलोमीटर दूर रहने के बावजूद भारतीय समुदाय का देश के साथ भावनात्मक जुड़ाव हमेशा मजबूत बना रहता है।

## पाटलिपुत्र स्टेशन उपद्रव: 500 पर एफआईआर, 6 गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन पर मद्य निषेध विभाग की सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए गए भारी हंगामे के बाद प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 नामजद समेत 500 से अधिक अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और मुख्य रूप से शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार रात और रविवार सुबह हुए इस बवाल में प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक के पत्थरों से पुलिस पर भारी पथराव किया था, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े।



### श्रद्धालुओं से भरी ऑटो और ट्रक में टक्कर, 3 की मौत, कई जख्मी

**नालंदा :** बिहार के नालंदा में रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। ऑटो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में महिला बच्चा सहित 3 लोगो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना छबीलापुर थाना क्षेत्र के साइडपर केके पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास की है। जहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक और टेंपो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो सवार सभी लोग राजगीर से मलमास मेला में कुंड स्नान कर अपने गांव कोचरा गांव लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने के के पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप टेंपो में सीधी टक्कर मार दी।

### मध्य प्रदेश : ट्रेन की चपेट में आने से 4 यात्रियों की मौत

**मुरैना :** मध्य प्रदेश के मुरैना में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक ट्रेन में फैली आग की झूठी अफवाह के कारण चार यात्रियों की जान चली गई। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। यह दुखद घटना हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, खजुराहो से उदयपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में दोपहर करीब 4 बजे अचानक आग लगने की अफवाह फैल गई। डर के मारे यात्रियों ने तुरंत ट्रेन की आपातकालीन चेन खींच दी, जिससे गाड़ी वहीं रुक गई। जान बचाने की हड़बड़ाहट में कई यात्री चलती और रुकी हुई ट्रेन से नीचे कूद गए और पास की दूसरी पटरी पर जा खड़े हुए। इसी दौरान, विपरीत दिशा (आगरा की ओर) से आ रही फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस वहां से गुजरी। पटरी पर खड़े यात्री जब तक कुछ समझ पाते, वे इस तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए।



## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में इकलौते पुत्र की मौत गांव में मातम



**बड़कागांव :** तलसवार पंचायत के ग्राम कोयलंग निमियांटोला निवासी मनु तुरी के इकलौता पुत्र दीपक मिर्धा, उम्र-14 वर्ष का उरीमारी मार्ग स्थित पसेरीया गांव में बाइक अनियंत्रित होने के कारण पिलर से जा टकराया। जिसके कारण बाइक चालक दीपक मिर्धा के गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार देर शाम रांची रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में मृतक के साथ बाइक सवार एक युवक घायल है। बताया जाता है कि दीपक को भुरकुंडा अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद तुरंत रिम्स रेफर कर दिया गया। परंतु ईलाज के दौरान दीपक ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम रिम्स अस्पताल में किया गया। दीपक की मौत से परिवार का बुरा हाल है, गांव में शोक का माहौल है । बता दें कि दीपक मिर्धा घर का इकलौता बेटा था,तीनों बहनें विवाहित हैं। दीपक की मौत के बाद उसके वृद्ध माता-पिता की सेवा करने के लिए कोई सहारा नहीं रहा। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, पंसस - मेघा कुमारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बढ़न उर्फ जागेश्वर तुरी, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो,पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी, पूर्व पंसस केदार महतो, पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साहू,नागेश्वर तुरी, रामलाल तुरी, किसुन तुरी, बिनोद तुरी, राजू तुरी, भरत तुरी, रामदेव तुरी, चन्द्रदेव तुरी, लखन तुरी, विसुन तुरी, अजय मिर्धा, बिजय मिर्धा, सागर मिर्धा, प्रदीप मिर्धा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### भाजपा नेता अमित साहू की माता दमयंती देवी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**बरही :** अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित साहू तथा उनके भाई अभिषेक कुमार की माता दमयंती देवी 71 वर्ष का शनिवार देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही साहू समाज, भाजपा कार्यकर्ताओं और बरही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दमयंती देवी स्वर्गीय महावीर साहू की धर्मपत्नी थीं। वे अपने सरल स्वभाव, सामाजिक व्यवहार और धार्मिक प्रवृत्ति के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ समाज के लोगों में भी गहरा दुख व्याप्त है। रविवार को करसो स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, आरएसएस के त्रिवेणी साहू, मुखिया मोतीलाल चौधरी, प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, दयानंद चौरसिया, चेतलाल साव, बीरबल साव, प्रमोद साव, बुधन साव, सुरेश साव, रितेश गुप्ता, विकास गुप्ता, बबलू साहू, मंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

# पीएम जन मन योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर ढोढिया और बीघा मुंडा टोला सड़क निर्माण का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हजारीबाग की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जन मन) के तहत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलापट्ट के अनुसार पहली योजना के तहत पैकेज संख्या जेएच-11-पीएम जन मन-एचएजेड-01 (2025-26) अंतर्गत एलओ-21 दुरागढ़ा पीएमजीएसवाई पथ से ढोढिया तक करीब 5.134 किलोमीटर



सड़क का निर्माण कराया जाएगा। वहीं दूसरी योजना के तहत एलओ-22 चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग (बीघा बाजार) से बीघा मुंडा टोला तक लगभग 1.180 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। दोनों योजनाओं की लागत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। दोनों सड़क योजनाओं का शिलान्यास विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में विधिवत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विकास कार्यों का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब योजनाएं धरातल पर उतरती हैं।उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लंबे समय से आवागमन की परेशानी झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़क बनने के बाद ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से वैसे गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जहां अब तक बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, सह सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, मुखिया पिंकी देवी, प्रतिनिधि विनोद सिंह, पूर्व मुखिया अरविंद सिन्हा, रामचंद्र सिंह, राकेश पांडे, सुमन सिंह, भाजपा नेता विकास यादव, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, अशोक केशरी, पवन सिंह, छोटू यादव सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पाण्डेयबारा डिग्री कॉलेज निर्माण स्थल पर मजदूर की मौत, परिजनों ने जांच की उठाई मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** पाण्डेयबारा स्थित निमार्णाधीन डिग्री कॉलेज भवन में कार्यरत एक मजदूर की मौत के बाद निर्माण कार्य और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक मजदूर की पहचान बिहार के बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशयारी गांव निवासी 38 वर्षीय ब्रजेश कुमार मांझी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में शोक की लहर है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने मौत के कारणों की जांच की मांग की है। मृतक के भाई का कहना है कि ब्रजेश कुमार काम करने के दौरान छत से गिरकर घायल हुए थे। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि मौत हार्ट अटैक से हुई है तो शरीर पर मिले चोट के निशानों की भी जांच होनी चाहिए, जिससे वास्तविक कारण सामने आ सके। वहीं, कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने निर्माण स्थलों पर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में बिहार समेत अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में मजदूर चौपारण और बरही क्षेत्र में काम करने आते हैं। ऐसे में निर्माण कंपनियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य में लगी एसपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधीन करीब 125 मजदूर कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से श्रमिकों को पीएफ, बीमा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही जाती है। मामले में कंपनी के साइट इंजीनियर नीलेश कुमार ने बताया कि ब्रजेश कुमार ने रात में तबीयत खराब होने की शिकायत की थी। इसके बाद उनके लिए दवा मंगाई गई थी। सुबह वह अचानक बेहोश होकर गिर गए, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## उमाशंकर अकेला ने किया दवाईवाला का उद्घाटन ऑनलाइन डॉक्टर कंसल्टेंसी की भी सुविधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के महाराजगंज चौक स्थित मासूम हेल्थ सेंटर के समीप नए मेडिकल स्टोर दवाईवाला का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मेडिकल स्टोर क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगा। उद्घाटन समारोह में भावी मुखिया प्रत्याशी डब्लू अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नए प्रतिष्ठान की सफलता की कामना करते हुए इसे क्षेत्रवासियों



के लिए उपयोगी पहल बताया। मेडिकल स्टोर के संचालक जसीम अकरम एवं वसीम अकरम ने बताया कि उनके पिता नसीम अहमद के मार्गदर्शन में इस सेवा की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि दवाईवाला में ग्राहकों को दवाओं की खरीद पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचों पर भी 25 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। संचालकों ने बताया कि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन डॉक्टर कंसल्टेंसी की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर लोग विशेषज्ञ चिकित्सकों से आसानी से परामर्श ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

## निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान की पहल से सदर अस्पताल में समाप्त हुआ धरना, पीड़ित परिवार को मिली राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर अस्पताल में रविवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई जब सदर प्रखंड के चोरहेता गांव निवासी स्वर्गीय सुषमा कुमारी की मृत्यु के बाद परिजन न्याय और कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए। सुबह से शुरू हुए इस धरने ने धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लिया और अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुटने लगी। ऐसे संवेदनशील माहौल में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान ने सक्रिय हस्तक्षेप करते हुए पीड़ित परिवार और प्रशासन के बीच सेतु की भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप कई घंटों से जारी गतिरोध समाप्त हुआ और परिजनों ने धरना वापस ले लिया। जानकारी के अनुसार, मृतका के परिजन



रविवार सुबह लगभग पांच बजे से सदर अस्पताल परिसर में धरना देकर बैठे थे। उनका आरोप था कि मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषी चिकित्सक एवं नर्सिंग कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और भविष्य के लिए सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की जा रही थी। समय बीतने के साथ अस्पताल परिसर में लोगों की संख्या बढ़ने लगी और स्थिति तनावपूर्ण होने लगी। मामले की सूचना मिलते ही विक्की कुमार धान सदर अस्पताल पहुंचे और सबसे पहले शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क स्थापित कर वार्ता की पहल की। उनकी सक्रियता के बाद सदर अस्पताल प्रबंधन के प्रतिनिधि, सदर अंचलाधिकारी (सीओ), गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ विस्तृत बातचीत शुरू हुई। कई दौर की वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को लिखित आश्वासन दिया गया। प्रशासन ने मृतका के पति को नगर निगम में रोजगार उपलब्ध कराने तथा मृतका के छोटे बच्चे के पालन-पोषण और भविष्य की आवश्यकताओं के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। प्रशासन के इस लिखित आश्वासन के बाद परिजनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया और अस्पताल परिसर में स्थिति सामान्य हो गई। धरना समाप्त होने के बाद भी विक्की कुमार धान लगातार पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहे। उन्होंने पोस्टमार्टम प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा कराने में सहयोग किया तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराईं।

### जेवर दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने की 11 लाख की चांदी और नकदी की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना क्षेत्र के मानगो बाजार स्थित टैंक रोड पर अवस्थित कोलकाता ज्वेलर्स में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रविवार सुबह जब दुकान के संचालक जितेंद्र कुमार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के भीतर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चोर करीब 11 लाख रुपये मूल्य के लगभग चार किलोग्राम चांदी के आभूषण और ०8 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। दुकान मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा सदर अस्पताल स्थित नए ओपीडी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 70 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्देश्य सदर अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उनके सामाजिक योगदान के



लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल में रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से भविष्य में प्रत्येक माह इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय उपस्थित रहे तथा उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रेम कुमार, डीपीएम, अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक गोपाल पासवान, टीपू सुल्तान सहित कई अधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से तनवीर सिंह तथा यूथ विंग की ओर से रितेश खंडेलवाल सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला प्रशासन हजारीबाग ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी अभियानों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### सलगा मध्य विद्यालय की जर्जर छत से बच्चों की पढ़ाई खतरे में, बरामदे में लग रही कक्षाएं



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा के राजकीय मध्य विद्यालय में विद्यालय का छत जर्जर रहने के कारण से छात्र-छात्राओं बरांडा में पढ़ाई कर रहा है प्रधानाध्यापक सुखदेव कुमार महतो के द्वारा बताया गया कि मैं कितने बार विद्यालय भवन के नाम पर आवेदन बनकर दिया हूं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है विद्यालय का छठ जो जर्जर हो चुका है वह कभी भी गिर सकता है इससे हमारा छात्र-छात्राओं को क्षति कभी भी हो सकता है मैं हजारीबाग उपायुक्त से नर्म निवेदन करता हूं कि इस विद्यालय के ऊपर आतिश शीघ्र ध्यान दीजिए जो कि हमारा विद्यालय का छात्र-छात्राओं को क्लास वाइज बैठ कर पढ़ सके बरसात का समय में बारिश होते रहता और बरांडा में बच्चा पढ़ने रहता है जिससे बच्चे का किताब कॉपी और बच्चा भी बन जाता है मैं मैं शिक्षा विभाग बीआरसी में भी लिखित आवेदन दिया हूं विद्यालय संबंधी हमारे विद्यालय में 223 बच्चा नामांकित है और क्लास कम होने के कारण से बच्चे बरेंडा में पढ़ाई करता है राजकीय मध्य विद्यालय सलगा जर्जर स्थिति को देखते हुए गांव के मुखिया श्रीमती पार्वती देवी उप मुखिया जागेश्वर कुमार महतो एवं पंचायत समिति मीना देवी रूबरू कराया गया लेकिन किसी प्रकार से कोई समस्या का समाधान करवाने में मदद किया मैं शिक्षा विभाग से एवं जिला के शिक्षा विभाग से नर्म निवेदन करता हूं कि इस विद्यालय को स्थिति को देखते हुए समस्या का समाधान अवश्य करें।

### पुंदौल में मंडा बनस पूजा संपन्न, शिव भक्तों ने दिया आस्था का परिचय, भारी संख्या में मेला में लोग हुए शामिल



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के पंचायत चंदौल के पुंदौल गांव में बनस मंडा पूजा मेला एवं छउ नृत्य का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार की रात्रि को शिव आराधना के पश्चात 45 शिव भक्त श्रद्धालुओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति एवं आस्था का परिचय दिया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक छउ नृत्य कर लोगों का खूब मन मोहा। तत्पश्चात रविवार की सुबह 45 शिव भक्त श्रद्धालुओं ने पीठ पर कील लगाकर या पीठ पर गमछा बांधकर 40 फीट ऊंचे लट्टु से परिक्रमा किया व फूल का छिड़काव किया । फूल को लपकने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान लोगों में काफी अफरा तफरी देखी गई। मान्यता है कि लपके गए फूल को बक्से में रखने से घर में सुख शांति स्मृद्धि प्राप्त होती है। मेले में कई गांवों से हजारों महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जंहा उन्हें धार्मिक अनुष्ठान, परंपरा, संस्कृति और सामुहिक आस्था का जीवंत उदाहरण देखने को मिला। श्रद्धा, भक्ति, लोकसंस्कृति और परंपरा के इस अद्भुत संगम ने ऐसा समां बांधा कि शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। पूजा में आकर्षण का केंद्र एक नन्हा शिव भक्त रहा ,जो महज 10 साल की उम्र में भगवान शिव के प्रति आस्था और विश्वास की प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए 40 फीट ऊंचे लट्टु पर झूल कर अपना परिचय दिया है । मौके पर मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर पासवान, सचिव मुखिया प्रतिनिधि सनित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह,पंचायत समित सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी , कौलेश्वर यादव, सागर यादव, नरेश यादव शीबू महतो, शीबू महतो के अलावा पूजा समिति के तमाम पदाधिकारी सदस्यों एवं गांव के प्रबुद्ध लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

### विश्व रक्तदान दिवस पर कोबरा बटालियन मुख्यालय में अधिकारी और जवानों ने किया रक्तदान




**बरही :** विश्व रक्तदान दिवस पर बरही के 203 कोबरा बटालियन मुख्यालय में कमांडेंट समेत अधिकारी और जवानों ने रक्तदान महादान के स्लोगन को साकार करते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने रक्तदान कर किया। कोबरा बटालियन के प्रभारी डॉक्टर सीएमओ डॉ राहुल रेवरिया और डॉ उपासना सिंह ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने कहा कि 203 कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ ने केवल देश के दुशमनों को सबक सिखाने का काम करती है बल्कि समाज के निर्बल, असहाय, निराश्रित लोगों की सेवा में भी आगे रहती है। यह रक्तदान शिविर जरुरतमंद लोगों की हिफाजत करने के साथ समाज के अन्य लोगों को भी रक्तदान एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। समाज सेवा और राष्ट्र सेवा भावना के तहत बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी समानंदा सिंह, गौरव कुमार, गंग्वाने कैलाश संभाजी के साथ साथ अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवानों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान के बाद सभी अधिकारी और जवानों के बीच जलपान विचरण किया गया।

### कोइली प्राथमिक विद्यालय में 100 दिवसीय स्वास्थ्य अभियान के तहत आरोग्य शिविर आयोजित



**बरही :** प्रखंड के कोइली प्राथमिक विद्यालय में 100 डेज कैंपेन के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में कुल 61 ओपीडी मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें 25 पुरुष एवं 36 महिलाएं शामिल थीं। इसके अलावा 52 लोगों की एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच तथा 2 लोगों की स्पुटम जांच की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य बिजेंद्र कुमार, सलोनी कुमारी, शहजहां बेगम, सलेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, रीमा पाण्डेय, शमसाद आलम, जासीमुन निशा, संगीता देवी एवं मनी देवी उपस्थित रहे। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की मौत

**रांची** : पुरुलिया सड़क बरवादाग क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृत महिला मुन्नी उरांव उम्र 55 वर्ष स्कूटी से अपने घर जा रही थी स्कूटी के आगे एक कार जा रहा था अचानक ब्रेक मारा, महिला जैसे ही राईट टर्न लिए की आगे से एक कार आ रही थी स्कूटी जोरदार टक्कर मारी जिसका गाड़ी नम्बर JH05BZ2078 है दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से रिंची हॉस्पिटल पहुंचाया गया वहां से रेफर किया, उसके बाद गोंदली पोखर सरकारी अस्पताल लाया गया डॉक्टर ने मृत घोषित किया जिसके बाद थाना को सुजीत किया गया मौके पर अनगडा थाना पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया पुलिस जांच में जुटी है।

### जगन्नाथपुर मंदिर के पास मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**रांची** : राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे एक पुल के नीचे से पुलिस ने रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। वह धुर्वा पानी टंकी स्थित महावीर मंदिर के समीप का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर पुल के नीचे अचेत अवस्था में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। लोगों ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल धुर्वा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को वहां से शराब की एक खाली बोतल भी मिली है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

### रिम्स के पास अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के समीप एक तालाब से रविवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। प्रारंभिक आशंका है कि व्यक्ति की मौत तालाब में डूबने से हुई हो सकती है।

# रांची के पांच केंद्रों पर कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई जेईटी परीक्षा, तीन हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 रविवार को रांची के 5 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही तथा सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा के सफल संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पहले से ही विशेष तैयारी कर रखी थी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी। यह आदेश सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने तथा किसी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने पर रोक लगाई गई थी। प्रशासन का मकसद परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना था।

परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले और अपने अनुभव साझा किए। अधिकांश अभ्यर्थियों ने परीक्षा व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को संतोषजनक बताया। जिला प्रशासन ने भी परीक्षा के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त किया है।



### रांची के इन पांच केन्द्रो में आयोजित हुयी परीक्षा

रांची के पांच केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें चर्च रोड स्थित सेंट पॉल्स कॉलेज, करबला टैंक रोड स्थित सेंट जॉन्स हाई स्कूल, बुटी स्थित रामटहल चौधरी हाई स्कूल (हिंदी माध्यम), बहू बाजार स्थित सेंट मार्गरेट्स गर्ल्स हाई स्कूल और पुरुलिया रोड स्थित सेंट एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज शामिल थे।

### प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच

परीक्षा शुरू होने से पहले ही सभी केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गई। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई और निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया गया। केंद्रों के बाहर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए गए थे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार की सूचना नहीं मिली।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास रही निषेधाज्ञा लागू

एसडीओ कुमार रजत ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू करने का उद्देश्य विधि-व्यवस्था बनाए रखना और अभ्यर्थियों को शांत वातावरण उपलब्ध कराना था। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की सतत निगरानी के कारण परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से 'मेधा सम्मान 2026' का आयोजन

**सम्मानित हुए चित्रांश समाज झारखंड के दसवीं और बारहवीं के छात्र**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड की ओर से 14 जून ( रविवार ) को 'कायस्थ मेधा सम्मान 2026 का भव्य आयोजन किया गया। पुरानी विधानसभा सभागार, धुर्वा में आयोजित समारोह में झारखंड के सभी जिलों से आए 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शानदार सफलता के लिए ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना व चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ किया गया। इस दौरान रागरंग की ओर से रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बतौर उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद तथा महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय ने चित्रांश बच्चों के बीच जोश का बिगुल फूंका। श्री सहाय ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपलोग ही देश का भविष्य हैं इसलिए आपको निखारना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है।



मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश ने बच्चों के साथ बातचीत कर उनके सपने व अरमानों के बारे में जाना। कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी सहाय नेयशस्वी भव' का आशीष देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज से आई टीम ने छात्रों की करियर काउंसिलिंग की। इस अवसर पर डॉक्टर एच पी नारायण, डॉक्टर राघव शरण, दयाशंकर वर्मा, महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी मुकेश कुमार, विवेक अखौरी, राजेश शरण तथा प्रांतीय पदाधिकारी डॉ. सी.बी. सहाय, सुशील कुमार लाल, सजल सहाय, राजेश सिन्हा, सुजीत सिन्हा, रवि कुमार, अनल सिन्हा, राकेश रंजन, बिट्टू , गुप्तेश्वर शंकर, सत्या वर्मा, स्मिता, प्रीति सिन्हा, आरती सिन्हा, रंगोली सिन्हा, इंदु श्रीवास्तव, उमा सिन्हा, रेणुबाला धार, अनुपमा, हर्षिता, प्रियता, रजनीश सिन्हा, आनंद गौरव एवं विशाल समर आदि ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन महासभा के वरीय पदाधिकारी राजेश सिन्हाव सुजीत कुमार ने किया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वंदना राय ने किया।

# राजयोग अपनाएं, तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन पाएं : प्रकाश झा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : ब्रह्माकुमारी संस्थान, चौधरी बगान सेवा केंद्र में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध निदेशक शशि प्रकाश झा ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि राजयोग मनुष्य के मानसिक तनाव को दूर कर मन और शरीर को शांति देता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन योग परंपरा की ओर लौट रहा है और स्वस्थ एवं सुखी समाज के निर्माण के लिए सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।

कार्यक्रम में राजयोग, योगाभ्यास और मानसिक सशक्तिकरण के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित लोगों ने मुविंग मेडिटेशन, कटी संचालन, गर्दन संचालन, हस्त संचालन और विभिन्न प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्य्रकम में झारखंड आयुष परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. वकील कुमार सिंह, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साकेत कुमार, झारखंड राय विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ अमिता मजूमदार एवं एसबीआई के सेवानिवृत्त एजीएम सुनील कुमार गुप्ता ने योग और आत्मिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि योग मन, शरीर, आत्मा और परमात्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है।

# रांची-टाटा मार्ग पर 214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को मिली स्वीकृति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों में शामिल रांचीझमहुलिया (टाटा) खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (पूर्व एनएच-43 एवं एनएच-18) के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्विकास के लिए लगभग 126.497 किलोमीटर लंबी ओवरले परियोजना को 214.79 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद रांची और जमशेदपुर के बीच आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और आरामदायक होने की उम्मीद है।

इस परियोजना को रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सतत प्रयासों और पहल का परिणाम बताया जा रहा है। उन्होंने रांचीझटाटा मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को लगातार संबंधित मंत्रालयों के समक्ष उठाया था।

परियोजना की स्वीकृति पर संबंधित पक्षों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन 18 जून को प्रस्तावित है, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना झारखंड के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों और औद्योगिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी।

# आंधी-बारिश और वज्रपात से झारखंड में तबाही, 8 की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के कई जिलों में शनिवार को मौसम ने भारी तबाही मचाई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के साथ हुए भीषण वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में जहां कुछ स्थानों पर मानसूनी हवाओं ने दस्तक दी है, वहीं कुछ इलाकों में प्री-मानसून का असर देखा जा रहा है। इस अचानक आए आंधी-तूफान से कई जिलों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

इस दैवीय आपदा का सबसे गंभीर असर ग्रामीण इलाकों में देखने को मिला। वज्रपात के कारण रांची के ठाकुरगांव (काटमकुली) में एक महिला और कांके प्रखंड के एक गांव में एक पुरुष की जान चली गई। वहीं, गिरिडीह के धनवार प्रखंड में 10 वर्षीय बच्चे अभिनीत राज, गढ़वा के केतार में 65 वर्षीय बुजुर्ग राम अवतार पाल और खरौंधी में एक महिला की मौत हो गई। इसके अलावा, सरायकेला के राजनगर में एक युवक, चतरा में खेत में काम कर रही एक महिला मजदूर और जामताड़ा के करमाटांड़ में एक अन्य 10 वर्षीय बच्चे ने दम तोड़ दिया। हादसों में घायल हुए सभी छह लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

मौसम केंद्र के अनुसार, शनिवार को संताल और कोल्हान सहित कोयलांचल के गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, दुमका और पाकुड़ जैसे जिलों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। राजधानी रांची में भी दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पलामू, गढ़वा, चतरा और कोडरमा जैसे पश्चिमी जिलों में आने वाले दिनों में उमस वाली गर्मी और बढ़ सकती है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की 'प्रगतिपथ यात्रा', केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

- रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक सीपी सिंह तथा रांची की मेयर रौशनी खलखो सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का नया रिकॉर्ड बनने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में रविवार को रांची महानगर भाजपा की ओर से प्रगतिपथ यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया।




रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक सीपी सिंह तथा रांची की मेयर रौशनी खलखो सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ता हाथों में झंडे, बैनर और विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते नजर आए।

यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाए और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है तथा देश में राष्ट्रीयता और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं।

भाजपा नेताओं ने दावा किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा है और देश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। प्रगतिपथ यात्रा के माध्यम से पार्टी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की विकास योजनाओं का संदेश जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान भी किया। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और इसमें बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची विश्वविद्यालयः डॉ. राजकुमार शर्मा बने प्रभारी रजिस्ट्रार, संजय सिंह का बढ़ा कार्यकाल

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने राज्यपाल से प्राप्त आदेश के आलोक में शनिवार को एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है, जिसके तहत डॉ. राजकुमार शर्मा को रांची विश्वविद्यालय का नया प्रभारी रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। वर्तमान में डोरंडा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य और अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. शर्मा को तत्काल प्रभाव से अगले एक वर्ष के लिए अथवा नियमित नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी अधिसूचना के जरिए विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. संजय कुमार सिंह के सेवाकाल का भी विस्तार किया गया है। प्रो. सिंह का कार्यकाल आगामी 4 जुलाई 2026 से प्रभावी रूप से एक वर्ष के लिए अथवा नियमित नियुक्ति होने तक बढ़ा दिया गया है, यानी वे आगे भी परीक्षा नियंत्रक के पद पर बने रहेंगे। राजभवन से हरी झंडी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना से परिसर की आगामी प्रशासनिक व शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी।

### 20 जून तक बारिश-वज्रपात की संभावना मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में आगामी 20 जून तक गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं तेज हवा के साथ गरज-चमक और हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। विभाग ने विशेष रूप से किसानों, खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में कोडरमा जिले के तिलैया डीवीसी क्षेत्र में सर्वाधिक 46.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के कांके में 21.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

### एचईसी को बचाने के लिए ठोस पहल जरूरी, कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान : लालदेव सिंह

**रांची** : हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र के इस औद्योगिक उपक्रम को बचाने के लिए सरकार और प्रबंधन को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से एचईसी के पुनरुद्धार तथा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति का सीधा असर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों पर पड़ रहा है। वेतन, पेंशन और अन्य बकाया भुगतानों के लंबित रहने के कारण हजारों परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई कर्मचारी और पेंशनभोगी अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी के पुनर्जीवन और उत्पादन गतिविधियों को पुनः गति देने के लिए समय-समय पर विभिन्न संगठनों, विशेषज्ञों और श्रमिक प्रतिनिधियों की ओर से कई सुझाव एवं सिफारिशें दी गईं, लेकिन उन पर अपेक्षित स्तर पर कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके कारण संस्थान की स्थिति लगातार कमजोर होती चली गई। लालदेव सिंह ने आशंका जताई कि यदि सार्वजनिक क्षेत्र के ऐसे महत्वपूर्ण उद्योगों की उपेक्षा जारी रही तो इसका प्रतिकूल प्रभाव रोजगार के अवसरों पर पड़ेगा और श्रमिक हित भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सार्वजनिक उपक्रमों को मजबूत करना आवश्यक है।

### राज्यसभा चुनाव में इंडी गठबंधन का समर्थन करेगी भाकपा-माले, 'वोट बचाओ अभियान' का ऐलान

**रांची** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि विपक्षी एकता के आधार पर गठबंधन राज्यसभा चुनाव में सफलता प्राप्त करेगा। साथ ही उन्होंने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष शक्तियों को मजबूत करने के लिए विपक्षी दलों के बीच एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया। रविवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। चुनाव आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के दौरान गरीबों, दलितों, प्रवासी मजदूरों तथा अल्पसंख्यक समुदाय के बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। भाकपा नेता ने कहा कि झारखंड के विभिन्न इलाकों से भी मतदाता सूची में नाम कटने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि भाकपा-माले राज्यभर में वोट बचाओ अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कराने और मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। उन्होंने नीट, सीयूईटी, सीबीएसई, एसएससी तथा अन्य परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि भाकपा-माले छात्रों और युवाओं के आंदोलनों का समर्थन करती है तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग करती है। देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती आर्थिक असमानता आज आम जनता के सामने गंभीर चुनौतियां बनकर खड़ी हैं। उन्होंने रोजगार सृजन, सार्वजनिक निवेश बढ़ाने, किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा तथा आम लोगों की आय बढ़ाने वाली नीतियों को लागू करने की आवश्यकता बताई। दीपांकर भट्टाचार्य ने बताया कि भाकपा-माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक 13 और 14 जून को हटिया गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, श्रमिक अधिकारों और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इसके साथ ही 16 जुलाई से अगस्त माह तक देशव्यापी जनअभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस अभियान के माध्यम से जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाएगी और केंद्र तथा राज्य सरकारों की नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार करेगी। पार्टी का उद्देश्य लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता के मुद्दों को व्यापक स्तर पर जनता के बीच ले जाना है। प्रेस वार्ता में भाकपा-माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, विधायक अरूप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### रक्तदान दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

**झुमरीतिलैया** : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा श्री अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार रेड क्रॉस सोसाइटी के अजीत बरनवाल और रेड क्रॉस सोसाइटी के ट्रेजर शिवरतन सुल्तानिया,डॉ सागरमानी सेठ ,डॉ सुजीत राज को अंगवास और पुष्पगुच्छ देकर ने मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने सम्मानित किया मौके पर सिविल सर्जन ने कहा मारवाड़ी युवा मंच मानव सेवा कार्य में बहुत बढ़-चढ़के हिस्सा लेती है यह रक्तदान शिविर इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल ने कहा मारवाड़ी युवा मंच जन कल्याण कार्यक्रमों में हमेशा से बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती है उन्होंने रक्तदान महादान कह कर मारवाड़ी युवा मंच को प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर में मंच के सदस्यों एवं शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सदर अस्पताल की मेडिकल टीम के सहयोग से कुल 30यूनिट रक्त संग्रह किया गया। अध्यक्ष मोहित संघई ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ३रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। आपका एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सीबीएसई एवं जैक बोर्ड 10वीं-12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के 14 मेधावी छात्र-छात्राओं को और 7 विभिन्न शैक्षणिक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सचिव अतुल खेतान ने बताया कि मंच सेवा और संस्कार के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है और सभी रक्तदाताओं, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार जताया।

### श्रम जांच में असहयोग का आरोप, शालीमार स्वीट्स प्रबंधन पर विभाग सख्त

**रामगढ़** : जिले में श्रमिक अधिकारों और श्रम कानूनों के पालन को लेकर एक महत्वपूर्ण मामला चर्चा का विषय बन गया है। सुभाष चौक स्थित मेसर्स योर शालीमार स्वीट्स प्रा. लि. पर श्रम विभाग की जांच प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने का आरोप लगा है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रामगढ़ सदर द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के बाद यह मामला प्रशासनिक और श्रमिक दोनों स्तरों पर सुर्खियों में आ गया है। जानकारी के अनुसार कर्मचारी रूपेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर श्रम विभाग ने मामले की जांच प्रारंभ की। शिकायत में उठाए गए बिंदुओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए कंपनी प्रबंधन से आवश्यक दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगा गया था। श्रम विभाग के अभिलेखों के अनुसार कंपनी प्रबंधन को 3 जून 2026 एवं 6 जून 2026 को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। हालांकि दोनों तिथियों पर न तो प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि उपस्थित हुआ और न ही अनुपस्थिति का कोई संतोषजनक कारण विभाग को उपलब्ध कराया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा जारी पत्रांक-49 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि प्रबंधन के असहयोगात्मक रवैये के कारण जांच प्रक्रिया प्रभावित हुई है। विभाग का मानना है कि जांच में सहयोग नहीं करना श्रम कानूनों की भावना और प्रशासनिक प्रक्रिया के विपरीत है। मामले ने श्रमिकों के अधिकारों, संस्थानों की जवाबदेही और श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन को लेकर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। विभाग ने संकेत दिया है कि नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लिया जाएगा। फिलहाल मामले में विभागीय प्रक्रिया जारी है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि शालीमार स्वीट्स प्रबंधन कब अपना पक्ष प्रस्तुत करता है और श्रम विभाग आगे क्या कदम उठाता है।

# सिलेंडर की चिंता खत्म! झुमरी तिलैया में जुलाई से शुरू होगी पाइप्ड गैस आपूर्ति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता






**कोडरमा** : झुमरी तिलैया के 3 हजार घरों तक पहुंच चुकी पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) अब झुमरी तिलैया में लक्ष्य रखा गया है और अभी तक 800 सौ की चौखट पर यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। 132 किमी से बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन में 110 किमी बिछाने का लक्ष्य इसी माह है इसमें 40 किमी पाईप लाईन बिछ चुकी है और सबसे बडी उपलब्धि पिछले दो वर्षो से अटकी हुई थी उसे रेलवे लाईन के नीचे से शहर के झंडा चौक अडडी बंगला पूर्णिमा टॉकिज डॉक्टर गली सहित अन्य इलाकों व वार्डो में जुलाई माह से शुरू की जायेगी। इस परियोजना के पूरे होने से रसोई गैस की वर्तमान असहज स्थिति में राहत मिलने की उम्मीद है। करीब .50 करोड़ रुपये की यह परियोजना मार्च 2027 के अंत तक झुमरी तिलैयावासियों को सिलेंडर की चिंता से मुक्त कर देगी। पहले चरण में रेलवे फाटक के उस पार पाईप लाईन का कार्य पूरा कर लिया गया अब दुसरे चरण में गैस पाइपलाइन का काम शुरू हो रहा है। इस कार्य में 12 इंच मोटे स्टील पाइप का उपयोग किया जा रहा है। परियोजना के तहत डिस्ट्रिक्ट रेगुलेटरी स्टेशन (डीआरएस) बनाए जाएंगे। इन्हीं स्टेशनों के माध्यम से शहर में गैस आपूर्ति को नियंत्रित किया जाएगा। घरों तक मीडियम डेनसिटी पॉली एथिलीन पाइप के माध्यम से गैस कनेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए शहर के 28 वार्डों में सर्वे कार्य हो चुका है सर्वे के दौरान गलियों की चौड़ाई, पाइपलाइन बिछाने की स्थिति और संभावित उपभोक्ताओं का आंकलन किया गया। इस परियोजना के पूरा होने के बाद झुमरी तिलैया के हजारों घरों को सुरक्षित, स्वच्छ और नियमित रसोई गैस उपलब्ध हो सकेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सुविधा न केवल सिलेंडर की परेशानी को समाप्त करेगी, बल्कि क्षेत्र में ऊर्जा वितरण में भी स्थिरता लाएगी। अभी तिलैया में पीएनजी के रूप में एलपीजी सिलेंडर का एक विकल्प मौजूद है। पीएनजी कनेक्शन नवादा बस्ती, चित्रगुप्त नगर, आश्रम रोड, सी डी कॉलोनी, महात्मा गांधी रोड और पुरानी बस स्टैंड में पहुँच चुकी है।शहर के प्रतिष्ठित होटल जैसे रामेश्वरम, ग्रैंड सूर्या, स्वीट संगम, पाजी इत्यादि में पीएनजी कनेक्शन शुरू हो चुकी है। शहर सभी वाडों एवं मोहल्लों में पीएनजी कनेक्शन के लिए 06534314388 पर संपर्क किया जा सकता है । एनजी कनेक्शन लेने के बाद सिलिंडर भरवाने के झंझट से मुक्ति पाया जा सकता है। पीएनजी एलपीजी के तुलना में अधिक सुरक्षित और सस्ती भी है।

## कोराम्बे में हाथियों का तांडव, घर-दुकान और खेतों को भारी नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : क्षेत्र के कोराम्बे गांव में शनिवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हाथियों के आतंक से पूरा गांव रातभर दहशत के साए में जीने को मजबूर रहा। ग्रामीणों ने वन विभाग एवं प्रशासन से तत्काल राहत, मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड देर रात गांव में प्रवेश कर गया और कई स्थानों पर जमकर तोड़फोड़ की। सबसे अधिक नुकसान सागर महतो को हुआ, जिनके घर की खिड़की और दीवार को हाथियों ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद परिवार के सदस्य भयभीत हो गए और रातभर सुरक्षित स्थान की तलाश में जुटे रहे। हाथियों के झुंड ने बिनोद महतो की राशन दुकान के गोदाम को भी निशाना बनाया। गोदाम का हिस्सा तोड़कर उसमें रखा महुआ और चना बड़ी मात्रा में नष्ट कर दिया गया। इससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के कारण लगातार आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है। चनेसर महतो के खेत की सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्री वॉल को भी हाथियों ने तहस-नहस कर दिया। खेतों की सुरक्षा व्यवस्था टूट जाने से किसानों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड अक्सर क्षेत्र में पहुंच जाता है, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उचित मुआवजा देने, हाथियों को आबादी क्षेत्र से दूर खदेड़ने तथा स्थायी सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कुजू पुलिस की बड़ी कार्रवाई चर्चित कांड का आरोपी गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुजू** : कुजू थाना क्षेत्र में दर्ज एक महत्वपूर्ण आपराधिक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से पुलिस की निगरानी में चल रहे एक अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुजू थाना कांड संख्या 115/2026, दिनांक 21 मई 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 118(1), 109 एवं 118(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी हुई थी तथा संबंधित व्यक्तियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने राज रजवार उर्फ रौंदा, पिता राजेश रजवार, निवासी कुजू कोलियरी न्यू कॉलोनी, थाना मांडू (कुजू), जिला रामगढ़ को विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के निदेर्शानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सफलता उन्हें मिलती है, जो कठिनाइयों से घबराते नहीं : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया व झारखंड साइक्लिंग एसोसिएशन के निर्देशन में कोडरमा साइकलिंग एसोसिएशन द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अस्मिता महिला साइकलिंग सिटी लीग एवं विश्व साइकिल पखवाड़ा का आयोजन रविवार को किया गया। जेजे कॉलेज से शुरू हुई इस भव्य-आयोजन में 200 से ज्यादा छात्राओं, महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही साइक्लिंग रैली में डीसी उत्कर्ष गुप्ता, डीडीसी रवि जैन, एसडीओ, सीओ, सहायक निदेशक सहीत कई पदाधिकारियों ने साइकिल चलाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिनाइयों से घबराते नहीं बल्कि उनका सामना करते हुए आगे बढ़ते हैं। आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जीत हार खेल का हिस्सा है। उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीडीसी रवि जैन ने कहा कि साइकिलिंग प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं बल्कि यह खेल के साथ व्यक्तित्व निर्माण एवं स्वस्थ रहने का एक सशक्त माध्यम भी है। एसडीओ ने अपने संबोधन में कहा आप सभी केवल खिलाड़ी नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था को मिली नई धार, चौकीदारी परेड में अपराध नियंत्रण का दिया गया मंत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं सक्रिय रहकर सूचना संकलन करने का विशेष निर्देश दिया गया। आयोजित चौकीदारी परेड में थाना एवं ओपी प्रभारियों ने चौकीदारों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा किसी भी असामाजिक तत्व की जानकारी तत्काल पुलिस तक पहुंचाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि अपराध नियंत्रण में चौकीदारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। परेड के दौरान चौकीदारों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने, गांवों एवं मोहल्लों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही स्थानीय स्तर पर होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना समय पर उपलब्ध कराने को कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए मजबूत आसूचना तंत्र आवश्यक है। इसी उद्देश्य से चौकीदारों को क्षेत्र की गतिविधियों, अपराधियों की गतिविधियों, विवादों एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के संग्रहण और समय पर रिपोर्टिंग के लिए विशेष रूप से जागरूक किया गया। परेड के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने चौकीदारों को जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, ग्रामीणों की समस्याओं को समझने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। जिलेभर में आयोजित इस चौकीदारी परेड के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सतर्कता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

# विकास, विश्वास और वैश्विक पहचान के 12 वर्ष भाजपा ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा रविवार को होटल शिवम इन में 12 साल बेमिसाल विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 12 वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता, राष्ट्रीय सुरक्षा और जनहित के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि लगातार 4399 दिनों से अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर नरेंद्र मोदी ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। वहीं उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी पहल ने महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। प्रेस वार्ता में कहा गया कि सड़क, रेलवे, हवाई संपर्क, डिजिटल तकनीक और संचार के क्षेत्र में देश ने अभूतपूर्व विकास दर्ज किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती भागीदारी ने विश्व पटल पर देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। राज सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य देश के 140 करोड़ नागरिकों का सामूहिक संकल्प है, जिसे जनभागीदारी के माध्यम से साकार किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री शिव कुमार महतो, डॉ. संजय प्रसाद सिंह, रणंजय कुमार उर्फ कूंटू बाबू, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, मनोज गिरि, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, जगदीश शर्मा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## संक्षिप्त खबरें

### जयनगर में अपराधियों का बढ़ता आतंक, पुलिस की निष्क्रियता से जनता भयभीत : महेश कुमार



**कोडरमा** : जयनगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो जयनगर में कानून का नहीं, बल्कि अपराधियों का राज चल रहा है। एक के बाद एक चोरी की घटनाएं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले जयनगर थाना क्षेत्र के बागोड़ीह गांव में एक ही रात चार घरों में चोरी की घटना हुई। भुक्तभोगी मीणा देवी के घर से लगभग 50 हजार रुपये सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई, जबकि अन्य घरों से भी लाखों रुपये की संपत्ति चोरों द्वारा ले जाई गई। इसके बाद तीन दिन पूर्व घाघडीह गांव में चोरी की घटना हुई और अब कांझियाडीह गांव में रवि कुमार साव के घर लाखों रुपये की चोरी हो गई। लगातार हो रही इन घटनाओं ने आम लोगों के मन में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। महेश कुमार यादव ने कहा कि आखिर पुलिस प्रशासन जवाब दे कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? यदि एक ही थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं तो यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दशार्ता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पुलिस की रात्रि गश्ती केवल कागजों तक सीमित है? आखिर अपराधी बार-बार घटनाओं को अंजाम देकर फरार कैसे हो जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि आज जयनगर की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। लोग अपनी मेहनत की कमाई और संपत्ति की रक्षा के लिए रातभर जागने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। पुलिस प्रशासन का दायित्व केवल घटना के बाद औपचारिक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध को रोकना भी है। महेश कुमार यादव ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की कि बागोड़ीह, घाघडीह एवं कांझियाडीह चोरी कांड का शीघ्र उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाया जाए तथा क्षेत्र में विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### मेधा का महाकुंभ : सम्मान और करियर मार्गदर्शन से छात्रों के सपनों को मिली नई उड़ान



**रामगढ़** : शिक्षा, प्रतिभा और भविष्य निर्माण को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल के तहत रोशन पाथवे टू डिग्निटी फाउंडेशन, रामगढ़ द्वारा रविवार को पटेल छात्रावास में भव्य ३मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम३ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 50 से अधिक विद्यालयों के 500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें करियर संबंधी सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षाविदों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे शैक्षणिक वातावरण में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि युवाओं का सही मार्गदर्शन ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, कौशल और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोशन पाथवे टू डिग्निटी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने की। इस अवसर पर युवा समाजसेवी पियूष चौधरी, आईपीएल फैक्ट्री गोला के प्रबंध निदेशक, बिहार फाउंड्री रामगढ़ के प्रबंध निदेशक, संस्था के सचिव राकेश कुमार, निदेशक डॉ. अशोक कुमार, करियर काउंसलर उदित कुमार, मनराखन महतो बी.एड. कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ. डी. महतो तथा प्रशासिका मीना कुमारी ने विद्यार्थियों को करियर और सफलता से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कुमार, नागेंद्र कुमार महतो, नागेंद्र कुमार, नवकुमार महतो, सुरेंद्र महतो, विशाल तथा अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कोडरमा में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर

**कोडरमा** : भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक एवं मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बीएलए-2 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के डोमचांच नगर मंडल, डोमचांच ग्रामीण मंडल, नवलशाही मंडल, सतगावां मंडल, बासोडीह मंडल, नवाडीह मंडल एवं मरकच्चो मंडल की कार्यशाला नौलखा भवन मसनोडीह में संपन्न हुई, जबकि झुमरी तिलैया उत्तरी मंडल, झुमरी तिलैया दक्षिणी मंडल, कोडरमा नगर मंडल, कोडरमा ग्रामीण मंडल एवं करमा मंडल की कार्यशाला शिवाटिका विवाह भवन झुमरी तिलैया में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय यादव एवं नरेंद्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित करना भाजपा कार्यकताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने बीएलए-2 कार्यकताओं से घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का आह्वान किया। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से सभी पात्र नागरिकों को मतदान के अधिकार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

### कोडरमा में जेजेए राज्य कमेटी की हुई बैठक

**कोडरमा** : जिले के डोमचांच स्थित एचएमटी होटल में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राज्य कमेटी की हुई बैठक में पत्रकार हित के लिए लगातार लड़ाई लड़ने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ जबकि संचालन राज्य महासचिव संजीव समीर ने किया। इस दौरान अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने पत्रकार हित और संगठन पर चर्चा की और कहा कि यूनियन सभी सदस्यों को कार्ड जारी कर रहा है, बीमा की भी योजना बनाई जा रही है। वहीं महासचिव संजीव समीर ने पत्रकार सुरक्षा कानून और स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने के लिए संघर्ष करने पर बल दिया। उन्होंने यूनियन की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने की बात कही। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद इस्लाम, कानूनी सलाहकार जगदीश सलूजा, प्रदेश सचिव मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाशीष झा, राष्ट्रीय पार्षद शौकत खान, इम्तियाज अहमद, नीतीश कुमार, प्रवक्ता प्रभाकर श्रीवास्तव, विशेष आमंत्रित सदस्य ओम प्रकाश सिंह, संतोष कुमार के अलावा कोडरमा जिला अध्यक्ष कुमार रमेशम और महासचिव अनिल कुमार सिंह ने पत्रकारिता में आ रही चुनौतियों पर अपनी बात रखी। बैठक में पहुंचे कई पत्रकारों ने समाचार संकलन, सोशल मीडिया, पत्रकारिता के खतरे समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा की। वक्ताओं ने सबों से संगठित रहने पर बल दिया ताकि समस्याओं से मिलकर निबटा जा सके। इस दौरान होटल प्रबंधन की ओर से उपस्थित शकुंतला मेहता और रामकृष्ण मेहता का यूनियन ने आभार जताया। बैठक में अतिथियों और जेजेए राज्य कमिटी के सदस्यों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### सीआरपीएफ वाहिनी में रक्तदान शिविर आयोजित

**पश्चिमी सिंहभूम** : विश्व रक्तदाता दिवस 2026 के अवसर पर 174 वीं वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), चाईबासा में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वाहिनी कमांडेंट मनोज डंग ने की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को रक्तदान की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मनोज डंग ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी सक्षम लोगों से इस पुनीत कार्य में आगे आने की अपील की। इस दौरान विश्व रक्तदाता दिवस 2026 से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की शुरूआत 14 जून 2004 को हुई थी। वर्ष 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 58 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने इसे वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में घोषित किया। तब से प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विश्व रक्तदाता दिवस की थीम मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं रखी गई है। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान किया। सदर अस्पताल चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम और वाहिनी अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य मानकों और तकनीकी जांच के बाद रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। रक्तदाताओं को जलपान और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवचरण हस्दा, चिकित्सा अधीक्षक, सदर अस्पताल चाईबासा, रजनीश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, धर्मेन्द्र नारायण सिंह, उप कमांडेन्ट, शांति किस्कू, सहायक कमांडेन्ट, वाहिनी चिकित्साधिकारी डॉ संदीप कुमार और वाहिनी के अन्य अधिकारी और जवान मौजूद थे ।

### पूर्व मंत्री का आंदोलन लाया रंग, सड़क निर्माण कार्य शुरू

**पूर्वी सिंहभूम** : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित खासमहल से गोविंदपुर तक निमार्णाधीन सड़क परियोजना का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। लंबे समय से अधर में लटकी इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी। सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन छेड़ रखा था। लगातार बढ़ते जनदबाव का असर हुआ और आखिरकार निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र में राहत और संतोष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आंदोलन के माध्यम से लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मामले में सक्रिय होना पड़ा। निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने के साथ ही रविवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी मौके पर पहुंचे और चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा तय मानकों के अनुरूप तेजी से कार्य पूरा किया जाए। विधायक ने कहा कि खासमहल से गोविंदपुर तक की सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से निर्माण कार्य बाधित हो गया था, लेकिन अब सभी अड़चनों को दूर कर काम फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सकेगी। वहीं स्थानीय चमन तिवारी और अन्य लोगों का मानना है कि पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां और क्षेत्रवासियों के आंदोलन ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप बंद पड़ा निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सका।

# विश्व रक्तदाता दिवसः कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों-छात्रों ने रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सदर अस्पताल हजारीबाग में आयोजित रक्तदान शिविर में हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अहम भूमिका निभाई। एसोसिएशन की ओर से लगभग 30 से ज्यादा रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। सदर एसडीओ आदित्य कुमार पांडे ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा, "हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की है। उन्होंने साबित कर दिया है कि शिक्षक सिर्फ शिक्षा नहीं देते, समाज सेवा में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। रक्तदान महादान है और इनका यह कदम हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा।" कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने रक्तदान के बाद कहा, "रक्तदान महादान है। जिला प्रशासन की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। रक्तदान करने के बाद सुखद अनुभूति हो रही है। हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपका एक यूनिट खून किसी का जीवन बचा सकता है।₹ सचिव डॉ प्रकाश कुमार ने कहा, ₹रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। यह वास्तव में विश्व के सबसे बड़े दान की श्रेणी में आता है। रक्तदान सभी के लिए प्रेरणादायक है और इससे दूसरों की मदद करने की भावना जागृत होती है।"
उपाध्यक्ष सुदेश प्रसाद ने कहा, "रक्तदान मानवता का सुखद संदेश देता है। यह हमें दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करता है। मैंने आज पहली बार रक्तदान किया। मन में डर था कि कमजोरी आएगी, लेकिन अब बहुत सहज और गर्व महसूस कर रहा हूँ। भविष्य में भी रक्तदान करता रहूंगा।"
शिक्षक महादेव कुमार ने बताया, "रक्तदान सबों के लिए जरूरी है। यह अनुकरणीय और प्रेरणादायक है।" वहीं अमरदीप ठाकुर ने पहली बार रक्तदान करते हुए कहा, "भ्रांति थी कि रक्तदान से कमजोरी होती है, लेकिन यह अनुभव शानदार रहा। अब यह भ्रांति दूर हो गई है।"
रक्तदान करने वालों में जेपी जैन, डॉ प्रकाश कुमार, सुदेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी सहगल कुमार, अमरदीप ठाकुर, आयुष कुमार, महादेव कुमार, जनक प्रजापति, रितेश कुमार सिंह, सूरज कुमार, जयंती कराइ, दीपक प्रसाद, अनिल कुमार, कमल किशोर कुमार, अमितेश कुमार, मोहम्मद इसराफिल, अमन कुमार, अशोक कुमार, राजकुमार, महेश कुमार, राजेश कुमार, लालू प्रसाद, रवि कुमार, मोनू ओझा, आशीष कुमार, सुजल, आशीष, रितेश सहित कई शिक्षक और छात्र शामिल थे।

## किसान जैविक खेती से जुड़कर करे जैविक उत्पाद का उपयोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पटमदा** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पटमदा मंडल के लावा स्थित निताई सिंह भवन में प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला के संबोधन में कार्यक्रम प्रभारी प्रभात रंजन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सुशासन के 12 वर्ष विश्वास ,विकास ,जनकल्याण के पूर्ण होने पर प्राकृतिक खेती में कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन किसानों को जैविक खेती में रुचि बढ़ाने के साथ जैविक खेती की और जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने कहा वर्तमान में हम अपने पुरानी पद्धति के तरफ लौट रहे हैं।पुराने समय के ढेकी का कुटा चावल खाने का प्रचलन था। जिसको अभी हम महंगा दाम देकर खरीद रहे हैं। हमें पुरानी परंपरागत जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है। केभीके की सीनियर वैज्ञानिक सीमा सिंह ने कहा कि किसानों में जैविक खेती करने की पद्धति को अधिक से अधिक अमल करने की जरूरत है। ताकि जैविक उत्पाद का उपयोग कर लोग स्वास्थ्य रह सके। लोग मोटा अनाज के तरफ लौट रहे हैं। अपने क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा दे। कार्यशाला में कार्यक्रम प्रभारी प्रभात रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी, पटमदा मंडल प्रभारी संदीप मिश्रा, शरत सिंह सरदार, रानी ठाकुर,सदानंद महतो, मंडल अध्यक्ष कृष्ण पद सिंह, मधुसूदन महतो, मंटू चरण दत्ता, विमल मंडल, निरंजन रजक, देवेंद्र कुंभकार,भीम महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और किसान उपस्थित थे।

## बोड़ाम आदिवासी उच्च विद्यालय में अस्थाई रूप से संचालित हो डिग्री कॉलेज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : बोड़ाम आदिवासी उच्च विद्यालय परिसर में शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बोड़ाम में निर्माणधीन डिग्री कॉलेज को तत्काल अस्थाई सरकारी भवन में संचालित होने की प्रक्रिया इस वित्तीय वर्ष में शुरू होने की सूचना अखबार के माध्यम मिलने के बाद बैठक किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने बोड़ाम स्थित आदिवासी उच्च विद्यालय भवन में ही तत्काल कॉलेज का पठन पाठन कार्य शुरू करवाने की मांग प्रस्तावित की है। बैठक जिला परिषद सदस्या गीतांजलि महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस दौरान बैठक में प्रमत्नाथ मंडल, काशीनाथ महतो, मुचीराम महतो, प्राचार्य मजनू अंसारी, चित्त रंजन महतो, आदित्य महतो, माणिक चंद्र महतो, मुखिया रूपा सिंह, गणेश चंद्र महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रैपिड एक्शन फोर्स के रक्तदान शिविर में 31 जवानों ने किया रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 106 वाहिनी द्रुत कार्य बल (रैपिड एक्शन फोर्स) ने सदर अस्पताल के सहयोग से रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 31 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।
कार्यक्रम के दौरान 106 वाहिनी के कमांडेंट राजीव कुमार ने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी कार्मिकों से नियमित रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिविर में द्वितीय कमान अधिकारी कौशल साधन गिरि, उप कमांडेंट वच्चानदेव कुमार और चिकित्सा अधिकारी (उप कमांडेंट) डॉ ऋतुराज खाख सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सदर अस्पताल की मेडिकल टीम ने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। एकत्रित रक्त का उपयोग विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक लोगों को इस जनहितकारी अभियान से जोड़ना था।

## विनीत हत्याकांड के आरोपी का पुलिस ने निकाला मार्च


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू** : पलामू के चर्चित विनीत तिवारी हत्याकांड के आरोपित दिलीप तिवारी उर्फ मिंटू का पुलिस ने रविवार को मार्च निकाला। पुलिस हथकड़ी लगाकर शहर थाना से सेंट्रल जेल तक पैदल ले गई। उल्लेखनीय है कि दिलीप तिवारी उर्फ मिंटू को पूछताछ के लिए पुलिस ने 24 घंटों के लिए रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि समाप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर सख्त कदम उठाते हुए सदर एसडीपीओ राजेश यादव, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने दिलीप तिवारी को शहर थाना से पैदल लेकर गई। इसी क्रम में छह मुहान से बस स्टैंड होते हुए जेलहाता चौक से जेल तक पैदल मार्च कराया गया।
25 अप्रैल को रेडमा निवासी जमीन कारोबारी विनीत तिवारी का उसके घर के समीप से अपहरण कर लिया गया था और पिटाई करने के बाद हत्या कर दी गई थी। विनीत का नग्न शव मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट स्थित झाड़ी से बरामद की गई थी। इस संबंध में विनीत तिवारी के पिता ने दिलीप तिवारी के अलावा उसके भाई प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल सहित अन्य लोगों के खिलाफ शहर थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। हाई प्रोफाइल मामला होने के बावजूद पुलिस अब तक दिलीप तिवारी को छोड़कर किसी अन्य आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पिछले दिनों पुलिस ने प्रदीप तिवारी सहित अन्य आरोपितों के घर पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया था और पुलिस के समक्ष या न्यायालय में सरेंडर करने की चेतावनी दी थी। इधर रिमांड पर लेने के बाद दिलीप तिवारी ने पुलिस को विनीत हत्याकांड से जुड़े कई अहम जानकारी दी है, जिससे आगे के अनुसंधान में काफी मदद मिलने की उम्मीद है।
इधर, पुलिस ने आरोपित प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल के आवास और उसकी जमीन की नापी भी करवा ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर महाकाल जल्द सरेंडर नहीं करता है, तो उसके घर और संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियों का डीसी और एसपी ने लिया जायजा, केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिला स्कूल और मांगीलाल रूंगटा उच्च विद्यालय पहुंचकर परीक्षा आयोजन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, पंखों की उपलब्धता, बैठने के लिए बेंच-डेस्क, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक संसाधनों का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां कहीं भी सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, वहां संबंधित पदाधिकारियों को समय रहते कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया।
उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा तिथि से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं और केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की अंतिम समीक्षा भी कर ली जाए।
वहीं पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने पर जोर दिया। उन्होंने परीक्षा अवधि के दौरान अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और शांति बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों और संबंधित कर्मियों से भी चर्चा की तथा परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। साथ ही परीक्षा के दिन सुरक्षा, प्रवेश व्यवस्था और अभ्यर्थियों की सुविधा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।
उल्लेखनीय है कि जिले में नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### विकास योजनाओं को मिलेगी नई गति, 15वें वित्त आयोग से पंचायतों को मिली राशि

**चौपारण** : प्रखंड की पंचायतों में लंबे समय से लंबित विकास योजनाओं को अब गति मिलने की उम्मीद जगी है। 15वें वित्त आयोग की ओर से पंचायतों को राशि आवंटित कर दी गई है। राशि उपलब्ध होने के बाद पेयजल व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, स्वच्छता अभियान, सामुदायिक भवनों के रखरखाव सहित अन्य जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। मुखिया संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रजक ने बताया कि सरकार से प्राप्त राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्व में कई योजनाएं स्वीकृत की गई थीं, जिनमें कुछ पूरी हो चुकी हैं, जबकि कई योजनाओं के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। नई राशि मिलने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। आवंटित राशि के अनुसार करमा पंचायत को सबसे अधिक 44,63,537 रुपये मिले हैं, जबकि बच्छई पंचायत को सबसे कम 10,97,760 रुपये आवंटित किए गए हैं। अन्य पंचायतों में चौपारण को 22,55,751, देहर को 20,05,456, झापा को 18,99,832, दादपुर को 25,69,152, चयकला को 18,75,191, बेला को 23,47,379, और यवनपुर को 19,71,487 रुपये मिले हैं। इसी तरह ताजपुर पंचायत को 21,48,683, चोरदाहा को 23,87,358, चैथी को 13,86,421, पडरिया को 14,54,899, बरसोत को 27,19,321, भगहर को 23,67,630, बसरिया को 15,22,393, रामपुर को 22,85,012, सेलहरा कला को 15,37,854, गोविंदपुर को 17,01,981, डेबो को 19,65,197 सिंघरावां को 22,60,396 रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं पाण्डेयबारा पंचायत को 28,12,022, जगदीशपुर को 28,40,409, मानगढ़ को 26,15,500, बेहरा को 21,40,704, बेलाही को 14,20,681, तथा चयकला पंचायत को 18,75,191 रुपये की राशि दी गई है। राशि मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि इससे गांवों में विकास योजनाओं को रफ्तार मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर सड़क, स्वच्छता, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### भास्कर धाम में 17 से शुरू होगा देव पीपल विवाह महोत्सव



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ के भास्कर धाम में 17 से 19 जून तक तीन दिवसीय श्री श्री 1008 त्रिदिवात्मक लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह देव पीपल विवाह महोत्सव की शुरूआत होगी। इसे लेकर भास्कर धाम सूर्य मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञकर्ता समाजसेवी आनंद राम एवं उनकी धर्मपत्नी रामरती देवी ने भूमि पूजन कर यज्ञ के लिए समस्त देवी-देवताओं को आवाहित किया। उन्होंने बताया कि 17 जून को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ की शुरूआत होगी। प्रथम दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, विप्र वरण, वेदी निर्माण एवं संध्या में संगीतमय कथा-प्रवचन संपन्न होंगे। 18 को वेदी पूजन, देवपूजन, अधिवास एवं घृतढ़ारी होगा। वहीं, 19 जून को नित्य पूजन, देव विवाह, कन्या पूजन, ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा के साथ यज्ञ की पूणार्हूति होगी। प्रत्येक दिवस की संध्या में कथावाचक उमेश मिश्रा का सुमधुर प्रवचन होगा। वहीं, यज्ञाचार्य दीपक शास्त्री के सानिध्य में यज्ञ संपन्न होंगे।

### टाटीझरिया में वैष्णो मंदिर रजत जयंती पूजा की सफलता पर समीक्षा बैठक, जताया आभार



**टाटीझरिया** : प्रखंड के बड़ा डहरभंगा स्थित आदिशक्ति वैष्णो देवी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के सफल आयोजन पर रविवार को मंदिर प्रांगण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 26 और 27 मई को हुए दो दिवसीय रजत जयंती पूजा के सफल संचालन पर सभी कार्यकताओं, श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में दो दिवसीय आयोजन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समिति संचालन ने सभी ग्रामिणों के बीच आय-व्यय का पूरा ब्यौरा रखा। सभी सदस्यों ने पारदर्शिता के साथ हिसाब-किताब को स्वीकृति दी। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन सफल हो पाया। मंदिर के 25 वर्ष पूरे होने पर क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संचार हुआ है। अंत में मंदिर समिति ने भविष्य में भी इसी तरह सभी पर्व-त्योहारों को मिलजुल कर मनाने का संकल्प लिया। बैठक मे प्रकाश यादव, परमेश्वर यादव, संतोष यादव, रवि राणा, विकास यादव,राहुल प्रजापति, दिलीप यादव, मुकुंद यादव,परमेश्वर यादव, तिलकराज सिंह,सूरज यादव,सरवन यादव, महेंद्र यादव,राजाराम यादव, शंभू यादव,टेको यादव, जानकी यादव,राजकुमार प्रजापति, निरंजन यादव दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### शहादत दिवस पर शहीद नागेश्वर मंडल को दी गई श्रद्धांजलि



**विष्णुगढ़** : भाकपा माले के जुझारू एवं कर्मठ नेता रहे बरांय निवासी शहीद कॉमरेड नागेश्वर मंडल का 14वां शहादत रविवार को मनाया गया। बरांय के अंबेडकर नगर स्थित सामुदायिक भवन के सभागार में बड़ी संख्या में भाकपा माले कार्यकताओं, परिजनों एवं ग्रामीणों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एक मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया गया। शहादत दिवस के मौके पर भाकपा माले प्रखंड कमेटी सचिव घनश्याम पाठक ने कहा कि कॉमरेड नागेश्वर महतो पार्टी के सच्चे सिपाही थी। गरीब-शोषित, वंचित, मजदूर एवं उनके हक-अधिकार की बात करने वालों के साथ वे हमेशा मुखर रहे। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके किए गए कार्य और पार्टी के प्रति योगदान हमेशा याद किए जाएंगे। जिला कमेटी सदस्य जानकी शर्मा ने कहा कि सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से उनकी पूरे इलाके में अच्छी भागीदारी रही। शोषित-पीड़ित वर्ग का प्रतिनिधित्व किया। उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का काम किया जाएगा। मौके पर मुखिया राजेन्द्र कुमार, पंसस प्रतिनिधि मनोज मंडल, रामेश्वर रविदास, महादेव मंडल, लखन मंडल, विनय मंडल, विवेक मंडल, रोहित, गुल्ली सिंह, अजीत मंडल, प्रीतम महतो, जयचंद रविदास, अजीत मंडल, उदय मंडल समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# बोझ नहीं, घर की नींव हैं बुजुर्ग

प्रतिवर्ष 15 जून को विश्वभर में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना, उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना है। वर्ष 2026 में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का वैश्विक विषय है- जागरूकता से परेः बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम को कारगर बनाना। इस विषय का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता को ठोस, कार्रवाई योग्य नीतियों में बदलना और ऐसे मजबूत, सुरक्षात्मक तंत्र सुनिश्चित करना है जो बुजुर्गों के अधिकारों का सम्मान करते हों। भारतीय संस्कृति में तो बुजुर्गों को अनुभवों की खान माना जाता रहा है लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि हमारे यहां भी अब बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा के मामले निरन्तर बढ़ रहे हैं। भारत में संयुक्त परिवारों के बजाय एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण भी बुजुर्गों की उपेक्षा के मामलों में वृद्धि हो रही है।

आज की आधुनिक दुनिया में बुजुर्गों के साथ ऐसे बर्ताव के बढ़ते मामलों के पीछे सोशल स्टेट्स भी प्रमुख वजह माना जाता है। दरअसल, समाज में स्वयं की हैसियत बड़ी दिखाने की चाहत में कुछ लोगों को अपने ही परिवार के बुजुर्ग मार्ग की बड़ी रूकावट लगने लगते हैं। ऐसी ही रुढ़िवादी सोच के कारण उच्च वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग तक में अब वृद्धजनों के प्रति स्नेह की भावना कम हो रही है। बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले हालांकि केवल भारत तक सीमत नहीं हैं बल्कि विदेशों में तो बुजुर्गों की हालत और भी बुरी है लेकिन भारत के संदर्भ में यह स्थिति ज्यादा चिंताजनक इसीलिए है क्योंकि भारतीय समाज में सदैव संयुक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का सर्वोपरि स्थान रहा है। हमारे यहां दादा-दादी, माता-पिता, ताऊ-ताई, चाचा-चाची तथा कई बच्चों के साथ भरा-पूरा परिवार होता था, परिवार में बड़ों को सम्मान और छोटों को प्यार दिया जाता था लेकिन आज के बदलते दौर में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की धारणा खत्म होती जा रही है, जिसके कारण लोग जहां अपने बुजुर्गों से दूर हो रहे हैं, वहीं बच्चे भी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित हो रहे हैं। अकेले रहने के कारण जहां अब बुजुर्गों के प्रति अपराध बढ़ने लगे हैं, वहीं छोटे परिवारों में बच्चों को परिवार के बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनकी कार्यशैली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में दुनियाभर में वृद्धों एवं प्रौढ़ों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने की सख्त जरूरत महसूस होने लगी है। हमारे बुजुर्ग ही हमारे घर की नींव और समाज की अमूल्य विरासत होते हैं, जिनके अनुभव पूरे परिवार, समाज और देश के काम आते हैं। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग से भी सुंदर माना जाता है। इसके बावजूद बहुत से परिवारों में बुजुर्गों को निरन्तर अपने ही परिजनों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे परिजनों को इस बात का आभास कराया जाना बेहद जरूरी है कि आज के युवा भी आने वाले समय में वृद्ध होंगे। जीवन में हम आज जो भी हैं, अपने घर के बुजुर्गों की बदौलत ही हैं, जिनके व्यापक अनुभवों और शिक्षाओं से हम जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों को पार करने में सक्षम होते हैं। सही मायनों में हमारे बुजुर्ग ही हमें जीवन जीने का सही मार्ग सिखाते हैं। ऐसे में यदि बुजुर्गों को अपनापन और उचित मान-सम्मान दिया जाए, उनकी पसंद-नापसंद का ख्याल रखा जाए तो वे घर के लिए बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। बुजुर्गों में स्वास्थ्य चिंताएं, अनिद्रा, डर, हताशा, चिड़चिड़ापन, तनाव, बुरे सपने आना, खालीपन की भावना, भूख की कमी और अनिश्चित भविष्य से जुड़ी चिंता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

# अन्ना हजारे : सादगी, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक

वरुण कुमार



15 जून 1937 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के भिंगार कस्बे में जन्मे अन्ना हजारे का नाम भारत में ईमानदारी, सामाजिक चेतना और जनहित के संघर्ष का पर्याय माना जाता है। उनका वास्तविक नाम किसन बाबूराव हजारे है, किंतु देश उन्हें स्नेह और सम्मान से अन्ना के नाम से जानता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान, ग्रामीण विकास, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष तथा जनभागीदारी को मजबूत बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उनके व्यक्तित्व में महात्मा गांधी के आदर्शों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। सादगीपूर्ण जीवन, सत्य के प्रति निष्ठा और समाजहित के लिए निरंतर संघर्ष ने उन्हें देश के सबसे सम्मानित समाजसेवियों में स्थान दिलाया है।

अन्ना हजारे का बचपन आर्थिक कठिनाइयों के बीच बीता। उनका परिवार साधारण किसान परिवार था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें प्रारंभिक शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। जीवन-यापन के लिए उन्होंने कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया। कुछ समय तक वे मुंबई में फूल बेचने का कार्य भी करते रहे। कठिन परिस्थितियों ने उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराया और समाज के गरीब एवं वंचित वर्ग की समस्याओं को समझने का अवसर दिया।यही संघर्ष आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी शक्ति बना। उन्होंने हमेशा माना कि कठिनाइयाँ व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती हैं।

वर्ष 1963 में अन्नाहजारे भारतीय सेना में चालक के रूप में भर्ती हुए। सेना में रहते हुए उन्होंने देश की सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व निभाया। वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान वे सीमा क्षेत्र में तैनात थे। युद्ध के दौरान एक हमले में उनके कई साथी सैनिक शहीद हो गए, जबकि वे बाल-बाल बच गए। इस घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने जीवन के उद्देश्य पर गंभीरता से विचार किया और निश्चय किया कि शेष जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित करेंगे। सेना में रहते हुए उन्होंने स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी और विनोबा भावे के साहित्य का अध्ययन किया, जिसने उनके विचारों को नई दिशा प्रदान की।सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद वे अपने गाँव लौट आए और समाज परिवर्तन के कार्यों में जुट गए।

अन्ना हजारे की सबसे बड़ी उपलब्धियों में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले स्थित रालेगण सिद्धि गाँव का विकास शामिल है। जब वे गाँव लौटे, तब वहाँ की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। गाँव में पानी की भारी कमी थी, कृषि उत्पादन बहुत कम था, बेरोजगारी व्यापक थी और शराबखोरी जैसी सामाजिक समस्याएँ आम थीं। अन्ना ने ग्रामीणों को संगठित किया और सामूहिक प्रयासों की शुरूआत की। उन्होंने जल संरक्षण को विकास का आधार बनाया। गाँव में जल-संरक्षण परियोजनाएँ शुरू की गईं, तालाबों का निर्माण किया गया, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया और वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इन प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि सूखा प्रभावित गाँव धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनने लगा। कृषि उत्पादन बढ़ा, रोजगार के अवसर पैदा हुए और ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरने लगा। आज रालेगण सिद्धि को देश के आदर्श गाँवों में गिना जाता है और इसे ग्रामीण विकास के सफल मॉडल के रूप में देखा जाता है।

**नशामुक्ति और सामाजिक सुधार**

अन्ना हजारे ने केवल आर्थिक विकास पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि सामाजिक सुधार को भी उतना ही महत्वपूर्ण माना। उन्होंने गाँव में शराबबंदी अभियान चलाया और लोगों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया। उनके नेतृत्व में ग्रामसभा ने कई सामाजिक सुधारों को अपनाया। उन्होंने सामूहिक विवाह, शिक्षा के प्रसार, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। उनका मानना था कि किसी भी समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब उसमें सामाजिक अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन हो।

अन्ना हजारे ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों और छात्रावासों की स्थापना के प्रयासों का समर्थन किया। वे हमेशा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। उनका संदेश स्पष्ट रहा है कि केवल सरकार के भरोसे समाज का विकास संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

अन्ना हजारे का नाम भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने महाराष्ट्र में सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अनेक अभियान चलाए। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप कई मामलों की जांच हुई और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई।उनका मानना था कि भ्रष्टाचार केवल आर्थिक अपराध नहीं है, बल्कि यह समाज की नैतिक संरचना को भी कमजोर करता है। इसलिए उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया।

भारत में सूचना के अधिकार को मजबूत बनाने में अन्ना हजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार संघर्ष किया। उनके आंदोलनों और जनदबाव के कारण महाराष्ट्र में सूचना के अधिकार संबंधी कानून लागू हुआ, जिसने आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर सूचना का अधिकार अधिनियम बनने का मार्ग प्रशस्त किया। फ्ळक को आम नागरिकों के लिए एक सशक्त लोकतांत्रिक उपकरण माना जाता है, जिसके माध्यम से लोग सरकारी कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं।

वर्ष 2011 अन्नाहजारे के सार्वजनिक जीवन का सबसे चर्चित वर्ष रहा। उन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध सशक्त लोकपाल संस्था की स्थापना की मांग को लेकर जन लोकपाल आंदोलन शुरू किया। दिल्ली के जंतर-मंतर और बाद में रामलीला मैदान में उनके अनशन ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया।इस आंदोलन में लाखों लोगों ने भाग लिया। विशेष रूप से युवाओं ने बड़ी संख्या में इसका समर्थन किया। देश के विभिन्न शहरों में रैलियाँ, धरने और जनसभाएँ आयोजित हुईं। सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों ने भी इस आंदोलन को व्यापक पहचान दिलाई। यद्यपि जन लोकपाल को लेकर विभिन्न राजनीतिक और कानूनी बहसें हुईं, लेकिन इस आंदोलन ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया। इसने नागरिक भागीदारी और जनजागरण की नई मिसाल प्रस्तुत की।

गांधीवादी विचारधारा के अनुयायी अन्ना हजारे स्वयं को महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अनुयायी मानते हैं। सत्य, अहिंसा, सादगी और जनसेवा उनके जीवन के मूल आधार हैं। उन्होंने कभी व्यक्तिगत संपत्ति या विलासिता को महत्व नहीं दिया। उनका जीवन अत्यंत सादा रहा है। वे मानते हैं कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए हिंसा नहीं, बल्कि नैतिक शक्ति और जनसहयोग की आवश्यकता होती है। उनके अधिकांश आंदोलन अहिंसक रहे हैं और उन्होंने अनशन को लोकतांत्रिक दबाव के एक नैतिक माध्यम के रूप में अपनाया। अन्ना हजारे को समाज सेवा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1990 में पद्मश्री और वर्ष 1992 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त उन्हें विभिन्न सामाजिक संगठनों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा भी सम्मानित किया गया है। हालांकि वे हमेशा कहते रहे हैं कि उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार जनता का विश्वास और प्रेम है।आज जब देश और दुनिया अनेक सामाजिक, आर्थिक और नैतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तब अन्नाहजारे के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। जल संरक्षण, ग्राम विकास, पारदर्शिता, जनभागीदारी और नैतिक नेतृत्व जैसे विषय आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने उनके जीवनकाल में रहे हैं।

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम

तनवीर जाफरी




तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मन्त्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। 2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों, 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है । अब खबरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल कायम किया था,संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण,चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीँ इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ?

तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे।चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे करीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुकसान पहुँचाया।

इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमजोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 -17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमजोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का गलत सन्देश गया।

इसी तरह एन टी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल कवायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाकिफ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ्य मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ्य को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आखिर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं।

## सूडोकु नवताल- 7826

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7825 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# विदेशी धरती पर भारतीयों की हत्या, सिर्फ विरोध नहीं, निर्णायक कार्रवाई की जरूरत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ब्रिटेन के लंदन स्थित साउथॉल क्षेत्र में 26 वर्षीय भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या ने एक बार फिर विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इस हमले के बाद ब्रिटिश पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया, लेकिन अधिकांश को बाद में छोड़ दिया गया। यह स्थिति वास्तव में उस बढ़ती चिंता का हिस्सा है जिसमें विदेशों में भारतीय मूल के लोगों पर नस्लीय, सांप्रदायिक और हिंसक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अन्य देशों में भारतीयों के खिलाफ हिंसा और नस्लीय हमलों के अनेक मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसमें पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया या फिर आरोपी आसानी से कानून के शिकंजे से बाहर निकल गए। इससे विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के भीतर असुरक्षा की भावना और अधिक गहरी हुई है।

भारतीय संसद में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच केवल कनाडा में 17 भारतीय छात्रों की हिंसक घटनाओं में मृत्यु हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे नौ मामले दर्ज हुए। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया, किर्गिस्तान, ब्रिटेन, जर्मनी, चीन, डेनमार्क और ग्रेनाडा जैसे देशों में भी भारतीय नागरिक हिंसा का शिकार बने। वर्ष 2014 से 2025 के बीच विदेशों में भारतीयों पर नस्लीय हमलों के कुल 90 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 40 मामले कनाडा से सामने आए। अमेरिका और जर्मनी भी इस सूची में प्रमुख स्थान रखते हैं।

यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाए तो स्थिति और भी गंभीर प्रतीत होती है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच विदेशों में 28 हजार से अधिक भारतीयों की मृत्यु हुई, जिनमें 136 मौतें सीधे हिंसक घटनाओं से जुड़ी थीं। वर्ष 2023 में भारतीयों पर 86 हमले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 57 और 2021 में 29 थी। वर्ष 2025 के मध्य तक यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका था। यह वृद्धि देखा जाए तो एक ऐसे संकट का संकेत है जो भारतीय समुदाय की वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

विदेशों में भारतीयों के साथ आज सिर्फ हिंसा ही नहीं हो रही, बल्कि श्रमिक शोषण की घटनाएं भी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच भारतीय दूतावासों और मिशनों को शोषण, दुर्व्यवहार और रोजगार संबंधी 80,985 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलना, पासपोर्ट जब्त कर लेना, अत्यधिक काम करवाना, ओवरटाइम का भुगतान न करना, छुट्टियां न देना, कंपनियों का अचानक बंद हो जाना और श्रमिकों को स्वदेश लौटने के लिए आवश्यक अनुमति तक न देना जैसी गंभीर समस्याएं शामिल हैं।

ब्रिटेन में ही कुछ समय पहले दो बुजुर्ग सिख टैक्सी चालकों सतनाम सिंह और जसबीर सांघा पर नस्लीय हमला हुआ था। हमलावरों ने उन्हें गालियां दीं, जमीन पर गिराया और मारपीट की। सतनाम सिंह की पगड़ी तक उतार दी गई, जिसे उन्होंने अपनी अस्मिता पर गहरा आघात बताया। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया के जिलॉन्ग शहर में हरमनप्रीत सिंह को नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और बाद में उन पर शारीरिक हमला किया गया, जिससे उनकी नाक की हड्डी टूट गई।

अमेरिका में भी भारतीयों के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हैदराबाद के युवा छात्र अंशुल कुंचा की हत्या इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पिज्जा डिलीवरी का कार्य कर रहे अंशुल को कथित रूप से एक सुनियोजित साजिश के तहत सुनसान स्थान पर बुलाया गया और सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उनके परिवार का आरोप है कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हमला था। इन घटनाओं के बीच ओमान तट और होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हुए सैन्य तनाव में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु ने भी भारत की चिंता बढ़ा दी है। चाहे कारण अलग-अलग हों, लेकिन हर घटना में जान गंवाने वाला भारतीय नागरिक ही है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विश्व के विभिन्न देशों में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत की कूटनीतिक रणनीति कितनी प्रभावी है और उसे और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

भारत आज विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। उसके नागरिक शिक्षा, व्यापार, तकनीक, चिकित्सा और श्रम के क्षेत्र में दुनिया के लगभग हर हिस्से में अपनी प्रतिभा का योगदान दे रहे हैं। विदेशों में रहने वाले करोड़ों भारतीय भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक शक्ति के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा राष्ट्रीय सम्मान और प्रतिष्ठा का भी प्रश्न है। हालांकि यह सच है कि भारत सरकार और विदेश मंत्रालय समय-समय पर इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हैं, संबंधित देशों से संवाद करते हैं और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराते हैं, किंतु अब परिस्थितियां औपचारिक विरोध या संवेदना प्रकट करने से आगे बढ़ चुकी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भारत उन देशों के साथ उच्चस्तरीय और परिणामोन्मुख वार्ता करे, जहां भारतीयों पर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे मामलों की त्वरित जांच, दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ठोस तंत्र विकसित किया जाना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**15 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.19 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 07.33 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.49 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.01 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.26 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.42 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.34 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मीन | 00.07 बजे से |
| | | मेष | 01.37 बजे से |
| | | वृष | 03.17 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 166 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 08.24 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 04.31 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 19.09 बजे को समाप्त। **योग** शूल 08.56 बजे तदनन्तर गण्ड 04.39 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** नाग 08.24 बजे, किंस्तुघ्न 18.27 बजे तदनन्तर बव 04.31 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 18' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872741 **जूलियन दिन** 2461206.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 29 **विशेष** स्नानदान सोमवती अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मुफस्सिल पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत स्थाई वारंट टी.आर-262/11 के वारंटी शेख मुर्शिद, पिता शेख हमजा, साकिन छोटी कुदरर्जन्ना, थाना मुफस्सिल, जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर उचित मार्गदर्शी दल के साथ सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करवाने के उपरांत पुलिस न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन घायल

**साहिबगंज:** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में आपसी विवाद में हुए मारपीट में तीन लोग घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रावेउल शेख (24), अब्दुल वहाव (27) और अहमद शेख (22) का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिससे तीनों घायल हो गया। सभी को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर उदय टुडू के द्वारा सभी का इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### रेल टिकट जांच अभियान में 100 बेटिकट यात्रियों से वसूला गया जुर्माना



**साहिबगंज :** मालदा रेलखंड के साहिबगंज, कहलगांव और भागलपुर खंड में सीनियर डीसीएम मालदा के कार्तिक सिंह के निर्देश पर साहिबगंज स्क्वायर्ड टीम ने विशेष टिकट चेकिंग अभियान रविवार को चलाया। इस दौरान इस रेलखंड के कई ट्रेनों में टिकट जांच की गई। सूत्रों के अनुसार, चेकिंग अभियान के दौरान लगभग करीब 100 बेटिकट यात्रियों से 50000 हजार रूपए का जुमार्ना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करने और बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। आने वाले दिनों में भी मंडल में नियमित रूप से टिकट जांच अभियान जारी रहेगा।जांच अभियान से बेटिकट रेल यात्रियों में हड़कंप व्याप्त है।

### प्रतिबंध के बाद भी तीनपहाड़ क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रहा गुटखा

**साहिबगंज:** झारखंड में तंबाकू, गुटखा, खैनी और पान मसाले पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बाद भी तीनपहाड़ समेत आसपास के इलाकों में धड़ल्ले से इनकी बिक्री की जा रही है। प्रतिबंध के बाद से तंबाकू उत्पाद से जुड़े व्यापारी अवैध तरीके से माल अब दुकानों तक पहुंचा रहे हैं। व्यापार से जुड़े एक व्यापारी ने बताया कि पहले माल जमशेदपुर से मंगाया जाता था। अब इसकी खेप पश्चिम बंगाल से आ रही है जो कि गोदामों तक पहुंचती हैं। फिर इसे छोटे दुकानदारों तक पहुंचाया जाता है।

---

#### एसपी ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक, थाना प्रभारी को दिए कई निर्देश

# सूचना तंत्र मजबूत करें, जनता से बेहतर तालमेल बनाएं : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने मोहर्रम पर्व को लेकर भीड़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने, बैकअप प्लान तैयार करने, मोहर्रम समितियों सदस्यों की सूची तैयार करने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला गाना नहीं बजाना सुनिश्चित कराने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके में सदर डीएसपी, सदर एसडीपीओ, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, जिला के सभी इंस्पेक्टर, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी, बोरियो थाना प्रभारी, सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर उमा अमृता फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर साहिबगंज सदर अस्पताल रक्त अधिकोष में उमा अमृता फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन साहिबगंज जिले के सिविल सर्जन रामदेव पासवान के द्वारा किया गया, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी थे। साथ में उमा अमृता फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत शेखर रक्त अधिकोष के मैनेजर, टेक्नीशियन मौजूद थे।रक्तदान करने वालों में गोपाल शाह, चंद्र शेखर , पवन सिंह, विवेक कुमार, सोनू कुमार पासवान, अभिषेक ओझा, मनीष कुमार एवं प्रशांत शेखर, सिविल सर्जन ने सभी रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहन के स्वरूप टी-शर्ट कैप, मग प्रदान किए जो स्वास्थ्य विभाग से रक्तदाताओं को आज के विशेष दिन प्रोत्साहन हेतु उपलब्ध करवाया गया था। सिविल सर्जन ने शहर की जनता से निवेदन किया है कि रक्तदान में वह आगे आए ताकि किसी का जीवन बचाने का कार्य निरंतर चलता रहे।संस्था की तरफ से विकास कुमार, पवन सिंह, विवेक कुमार, गोपाल कुमार, सियाराम यादव, एवं अन्य उपस्थित थे।संस्था के संस्थापक प्रशांत ने कहां की संस्था के द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है और हमारा उद्देश्य है नई नई युवाओं से रक्तदान करवाना।

## पाकुड़ में बंद पत्थर खदान में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के नगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बंद पड़े पत्थर खदान में नहाने के दौरान डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान सोनाजोड़ी पंचायत अंतर्गत सोलागढ़िया गांव के नयापाड़ा निवासी हारुन अंसारी के 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इमरान अंसारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर इमरान सोनाजोड़ी स्थित एक बंद पड़े पत्थर खदान में नहाने गए थे। नहाने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। इमरान के साथ नहाने गया 9 वर्षीय बालक उन्हें डूबता देख तुरंत भागकर गांव पहुंचा और ग्रामीणों को सूचना दी। यह खदान गांव से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पूर्व मुखिया शफीक अंसारी ने तत्काल नगर थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इमरान को खदान से बाहर निकाला गया। बेहोशी की हालत में उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों के अनुसार, इमरान दो भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। कुछ दिन पूर्व ही उनकी बहन का विवाह हुआ था। इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। फिलहाल नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में नहाने के दौरान पैर फिसलने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बंद पड़ी खदानों के चारों ओर सुरक्षा घेरा न होने पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि बंद पड़े खतरनाक खदानों को खुला छोड़ना लगातार हादसों को न्योता दे रहा है। प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

## स्टेशन प्रांगण का गार्डन बना मवेशियों का बसेरा, रखरखाव पर उठे सवाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन की हालत बदहाल है।करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ यह स्टेशन अब गंदगी और अव्यवस्था का शिकार है। स्टेशन परिसर में बनाए गए गार्डन में हरे-भरे पौधों की जगह अब मवेशी चरती हुई दिखाई देती हैं। चारों ओर घास-फूस, कचरा और दुर्गंध फैली हुई है। यह स्थिति स्टेशन पर सफाई और रखरखाव के अभाव को दर्शाती है। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए इस स्टेशन के रखरखाव और निगरानी की कमी को दशार्ता है। सवाल उठता है कि क्या रेलवे प्रशासन को इन हालातों की जानकारी नहीं है या इसकी जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। रेलवे प्रशासन की लापरवाही हावड़ा जोन के रेल महाप्रबंधक की आगमन को लेकर शुक्रवार को मालदा मंडल के एडीआरएम यहां निरीक्षण के लिए पहुंचे। इसके बावजूद स्टेशन में कोई तैयारी नहीं थी। गार्डन में गधा, गाय, बकरी चरते दिखाई देते है। यहां रेल पदाधिकारी व कर्मियों की लापरवाही के चलते रेलवे स्टेशन की सुंदरता बिगड़ता दिखाई दे रहा है। लेकिन यहां का गार्डन साहिबगंज रेल अधिकारियों के उदासीनता का भेंट चढ़ गया है। यहां एक सौ से अधिक पौधा लगाया गया। लेकिन इसमें आधा से ज्यादा पौधा तो देखरेख के अभाव में सुख गया है। तो कुछ पौधे मवेशी चर गया है। गार्डन में कोई मवेशी घुस जाता है। लेकिन इसे भगाने वाला कोई नहीं है। दरअसल रेलवे स्टेशन के सौंदर्याकरण में गार्डन की मुख्य भूमिका रही। गार्डन में कई तरह के फूल के पौधा लगाया गया। इसमें कई फलदार पौधारोपण भी किया गया। लेकिन इसकी देखरेख नही होने से गार्डन उजड़ गया है। चारो तरफ लगाए गए लाइट भी टूट कर बिखर गया है।

## कोयला लदा 18 चक्का हाइवा पलटा बाल-बाल बचे चालक व खलासी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य मार्ग स्थित जसकुटी मोड़ के समीप कोयला लदा 18 चक्का हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक और खलासी सुरक्षित बच गए जबकि वाहन को भारी क्षति पहुंची। दुर्घटना के बाद हाइवा पर लदा कोयला सड़क किनारे और ढलान की ओर बिखर गया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा ललमटिया से कोयला लोड कर मालदा जा रहा था। चालक मुकेश कुमार ने बताया कि जसकुटी मोड़ पर लगातार दो घुमावदार मोड़ हैं। पहले मोड़ के बाद तीखा मोड़ आने के दौरान अचानक वाहन का ब्रेक और क्लच फेल हो गया। इससे चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और हाइवा सड़क किनारे पलट गया। हालांकि वाहन सामने मौजूद खाई में गिरने से बच गया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार जसकुटी मोड़ और बहरा मोड़ का इलाका लंबे समय से दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है। घुमावदार सड़क और तेज ढलान के कारण यहां अक्सर भारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। पूर्व में भी इस मार्ग पर कई गंभीर सड़क हादसों में लोगों की जान जा चुकी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की। उनका कहना है कि यहां क्रैश बैरियर, चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं तथा सड़क का तकनीकी सर्वे कराकर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से पलटे हाइवा को हटाने तथा यातायात सामान्य कराने की कार्रवाई शुरू की।

## पाकुड़ में 15 से 17 जून तक पंचायतवार लगेंगे विशेष प्रमाण पत्र शिविर, उपायुक्त ने दिए समयबद्ध निष्पादन के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में आम लोगों को जाति, आय व स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। जिले के सभी अंचलों में 15 जून से 17 जून 2026 तक पंचायतवार तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी अंचल अधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में अधिकतम लाभुकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को प्रमाण-पत्र के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। डीसी ने कहा कि जाति, आय और स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत समय-सीमा में निर्गत होने वाली सेवाएं हैं। विशेष शिविरों में आवेदनों की प्राप्ति, दस्तावेजों की जांच, स्थानीय सत्यापन और निष्पादन की पूरी प्रक्रिया मौके पर ही पूरी की जाएगी। इसके लिए पंचायत सचिवों, वार्ड प्रतिनिधियों व अन्य स्थानीय कर्मियों को शिविर में मौजूद रहने को कहा गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुखिया, पंचायत सचिव, स्वयंसेवकों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि जिन ग्रामीणों के प्रमाण-पत्र अब तक नहीं बन पाए हैं, वे इस अभियान का लाभ उठा सकें। शिविर स्थलों पर पर्याप्त कर्मी, संसाधन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। वर्चुअल बैठक में डीसी ने कहा कि अंचल अधिकारी, कर्मचारी व अन्य पदाधिकारी तीनों दिन शिविर स्थल पर मौजूद रहकर आवेदन से लेकर प्रमाण-पत्र निर्गमन तक की प्रक्रिया का त्वरित निष्पादन करेंगे। कोशिश होगी कि अधिकतम आवेदनों को शिविर में ही अंतिम रूप देकर लाभुकों को मुद्रित प्रमाण-पत्र सौंप दिया जाए। सभी प्रखंडों को शिविर के सफल आयोजन, वितरित प्रमाण-पत्रों की संख्या और जनसहभागिता का विस्तृत प्रतिवेदन सौंपने को भी कहा गया है, ताकि अभियान की उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण हो सके।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्णाहुति के साथ नौ कुंडिय शतचंडी महायज्ञ संपन्न



**साहिबगंज:** शहर के मां बायसी मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय नौ कुंडिय शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन रविवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया गया। वही वैदिक मंत्रोचारण से जिला प्रदेश व जगत कल्याण सुख समृद्धि की कामना करके पूणार्हुति दिया गया। पूणार्हुति के साथ शतचंडी महायज्ञ विधिवत संपन्न हुआ। वही यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजन करने सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर पूजन करके यज्ञ मंडप की परिक्रमा किए। वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है। शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ था। यज्ञ समिति की ओर से भंडारा स्वरूप प्रसाद का आयोजन किया गया था, जिसमे सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही संध्या बेला वृंदावन धाम से आई कथा वाचिका सुदीक्षा कृष्णा ने श्रीमद भागवत कथा सह रासलीला में कहा कि जो लोग भगवान का नाम लेते है, नशा का सेवन न करते वो हमेशा खुशहाल होते है। उनका घर परिवार खुशहाल होता है, धन धन्य से घर जीवन भरा रहता है। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की उधवा प्रखंड इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मोहनपुर स्थित तरुण मंडल आवास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो. नमउद्दीन ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके जमीनी ढांचे पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, टोला-टोला एवं पंचायत स्तर तक पंचायत कमेटियों का गठन किया जाना चाहिए, ताकि संगठन की पहुंच आम मजदूरों तक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन के नियमों, उद्देश्यों एवं श्रमिक हितों से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही श्रम कार्ड से मिलने वाले विभिन्न सरकारी लाभों की जानकारी मजदूरों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया। राजकुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र से लगातार हो रहे मजदूरों के पलायन पर रोक लगाने के लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय रोजगार सृजन सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि मजदूरों को अपने परिवार से दूर जाकर रोजगार की तलाश न करनी पड़े। बैठक में श्रमिकों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी, मो सैयद अख्तर, मो गुलाम सरवर, मुख्लेश्वर रहमान, ललित सिंह, मुजफ्फर, बदरुद्दीन, शौकत अली सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महिला से मारपीट मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र के मटियाल मोहल्ले में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला सहित चार नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए आवेदन में मटियाल निवासी मुस्करा बीवी ने बताया कि 13 जून की दोपहर वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थीं। इसी दौरान एक महिला सहित चार लोग वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गईं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर राजमहल थाना में कांड संख्या 187/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है तथा आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### भूमि विवाद में मारपीट के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में राजमहल थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि हिनसिंग टोला निवासी कश्मीर शेख और असरुद्दीन शेख को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध पूर्व में दर्ज मारपीट के मामले में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार हिनसिंग टोला निवासी शाहिद शेख ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि नामजद आरोपी उनकी जमीन पर जबरन मकान का निर्माण कर रहे थे। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने मिलकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस मामले में राजमहल थाना कांड संख्या 113/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

एक नजर

## पलामू में एक साथ उठे पांच जनाजे, सैकड़ों लोगों ने दिया कंधा

**पलामू :** उत्तर प्रदेश के किछौछा शरीफ से जियारत कर लौट रहे पलामू मेदिनीनगर के पांच व्यक्तियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी कार आजमगढ़ जिले के कोतवाली देवगांव थाना क्षेत्र में वाराणसी- आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे का शिकार हुई। सभी के शव शनिवार देरशत मेदिनीनगर आवास पहुंचे। परिवारों में कोहराम मच गया। गम के माहौल में रविवार को एक साथ पांच जनाजे उठे। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मेदिनीनगर निवासी और चार जिगरी दोस्त एक चालक के साथ कार से बिहार के डेहरी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से सभी किछौछा शरीफ जियारत करने के लिए चले गए और देर रात लौटते वक्त उनकी कार एक खड़े ट्रक के नीचे घुस गई थी। हादसे में तीन की मौके पर मौत मौके पर हुई थी जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। एक की मौत शनिवार शाम इलाज के दौरान वाराणसी में हुई। मृतकों में मेदिनीनगरी के कांजी हाउस मोहल्ला निवासी अजमल आलम, गोसिया मदरसा के सोहराब राइन, पनेरीगली निवासी चालक अरबाज खान, मुस्लिम नगर निवासी कैश आलम तथा नूरी मस्जिद मोहल्ला निवासी हाजी अब्दुल रजाक साहब शामिल हैं। सुबह सबसे पहले सुबह सात बजे कन्नी राम चौक के समीप छोटी मस्जिद में जनाजे की नमाज अदा की गई।

## पूर्व मंत्री का आंदोलन लाया रंग, सड़क निर्माण कार्य शुरू

**पूर्वी सिंहभूम :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित खासमहल से गोविंदपुर तक निमार्णाधीन सड़क परियोजना का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। लंबे समय से अधर में लटकी इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी। सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन छेड़ रखा था। लगातार बढ़ते जनदबाव का असर हुआ और आखिरकार निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र में राहत और संतोष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आंदोलन के माध्यम से लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मामले में सक्रिय होना पड़ा। निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने के साथ ही रविवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी मौके पर पहुंचे और चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

## बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में एकजुट हुए मजदूर संगठन

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सेल प्रबंधन की ओर से 15 जून से सभी खदानों में बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली लागू करने के निर्णय का श्रमिक संगठनों ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को मेघाहातुबुरु स्थित सामुदायिक भवन में संयुक्त मोर्चा की विशेष बैठक अध्यक्ष दीपक राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एटक, इंटक (चौबे गुट एवं दुबे गुट), झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, भारतीय मजदूर संघ, झारखंड माइंस मजदूर यूनियन, एचएमएस, सीटू और ऑल झारखंड माइंस वर्कर्स यूनियन सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नेताओं ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अंतिम आदेश आने तक कोई भी श्रमिक मशीन पर उपस्थिति दर्ज नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था के तहत टाइम ऑफिस में कार्ड पंचिंग और रजिस्टर से ही हाजिरी बनाई जाएगी। यूनियनों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से बिना संवाद किए नई व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है।

# साइबर अपराधी को छुड़ाने के दौरान पुलिस पर हमले के मामले में दो लोग गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** साइबर ठगी के आरोपित चुड़ामन मंडल को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला करने और उसे छुड़ाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के चिकसोरिया गांव निवासी जीतन मंडल और सूरज मंडल को गिरफ्तार किया है। रविवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतबाहन उरांव ने दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सूरज मंडल को देवरी क्षेत्र से तथा जीतन मंडल को भरकट्टा इलाके से गिरफ्तार किया गया है। दोनों की गिरफ्तारी अहिल्यापुर थाना कांड संख्या 21/2026 के तहत की गई है। एसडीपीओ ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक विशेष जांच एवं गिरफ्तारी टीम का गठन किया गया था। इस टीम में गांडेय इंस्पेक्टर कमलेश पासवान, मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, साइबर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत, अहिल्यापुर थाना प्रभारी पैनुल हक खान, ताराटांड़ थाना प्रभारी बुद्धेश्वर उरांव, बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार, गांडेय थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 10 जून की रात साइबर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि साइबर अपराधों में संलिप्त आरोपित चुड़ामन मंडल चिकसोरिया गांव में मौजूद है। सूचना के आधार पर साइबर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया था। इसी दौरान कुछ साइबर अपराधियों और असामाजिक तत्वों ने एकजुट होकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और हिरासत में लिए गए साइबर अपराधी चुड़ामन मंडल को छुड़ाकर फरार करा दिया। पथराव में पुलिस की सरकारी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। हालांकि घटना में किसी पुलिसकर्मी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापक अभियान शुरू किया। लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ जीतबाहन उरांव ने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस पर हमला करने और आरोपित को छुड़ाने की घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी से विवाद के बाद होमगार्ड जवान ने नदी में कूदने की कोशिश, पुलिस ने बचाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में एक होमगार्ड जवान बादल महतो ने नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। पत्नी से विवाद के बाद महिला थाना में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज थी। थाना से काउंसिलिंग के लिए बुलावे पर बादल महतो थाने पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक काउंसिलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बादल महतो थाने से निकलकर सीधे नदी की ओर दौड़ पड़े। बादल महतो के पीछे-पीछे पुलिस टीम भी दौड़ी। नदी में छलांग लगाने की कोशिश के दौरान पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बचा लिया। आनन-फानन में जवान को बोकारो सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक जवान की हालत अब स्थिर है। परिजनों का कहना है कि पत्नी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद दोनों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था। इसी दौरान दोनों में कहासुनी बढ़ गई और बादल महतो ने यह कदम उठा लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और काउंसिलिंग प्रक्रिया की भी समीक्षा होगी।

## उरांव समाज की टैलेंट हंट परीक्षा में 153 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददातात



**पश्चिमी सिंहभूम :** आदिवासी उरांव समाज संघ, चाईबासा की ओर से समाज के 79 वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के तहत रविवार को पुलहातु मध्य विद्यालय में टैलेंट हंट प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा में चाईबासा के सातों अखाड़ों के साथ-साथ कांकुशी, हेसाडीह और आसपास के गांवों से कुल 153 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करना भी इस पहल का प्रमुख लक्ष्य है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उरांव समाज का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 30 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष समाज का 79 वां स्थापना दिवस 30 जून 2026 को स्थानीय पिलाई हॉल में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही टैलेंट हंट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में 28 जून को आदिवासी उरांव समाज रक्तदान समूह की ओर से सदर अस्पताल, चाईबासा में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। समाज ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर इस मानवीय अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की है। संघ के अनुसार, रक्तदान समूह वर्षभर जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाता है।

## जंगली फल खाने से एक ही परिवार के 9 बच्चों की तबियत बिगड़ी, दो बच्चों की हालत गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के भंडारीडीह अंतर्गत फुलवारी टोला में शनिवार को एक ही परिवार के नौ बच्चों की तबियत अचानक बिगड़ गई। बच्चे खेलने के दौरान बागीचे में पाए जाने वाले जंगली फल खा गए थे, जिसके बाद सभी को परिजनों ने तुरंत फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल, बेरमो में भर्ती कराया। गंभीर स्थिति के दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मरीजों की प्राथमिक जांच कर रहे डॉक्टर जितेंद्र ने बताया कि भर्ती कराए गए बच्चों में उम्र लगभग चार वर्ष से 15 वर्ष के बीच है। बीमार बच्चों के नाम सारिका, संजीव, सिमरन, अंजली, नीतू, कृतिका, रोनित, भगीरथ और पंकज बताए जा रहे हैं। शुरूआती जांच में तीन बच्चे गंभीर अवस्था में पाए गए, जिनमें दो बच्चों की स्थिति फिलहाल चिंताजनक बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि बच्चे बारी (बगीचे) में खेलते समय जंगली फल खा बैठे, जिसके कुछ समय बाद सभी की तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर पहले फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहाँ प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। गंभीर बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बोकारो के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने दावा किया कि जब वे रेफर किए गए बच्चों को बोकारो सदर अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां बेड और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता न होने के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी। परिजनों का कहना है कि नर्सों ने भी बच्चों की गंभीरता देखते हुए और बेहतर इलाज के लिए अन्य किसी निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। आनन-फानन में परिजन बच्चों को किसी निजी अस्पताल ले गए, लेकिन बड़े सरकारी संस्थान में भी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होने की बात परिजन बता रहे हैं।

## रक्तदान करना मानवता का सच्चा सम्मान है : सिविल सर्जन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान संस्था ब्लड शेयर एन यू के द्वारा ब्लड सेंटर सदर अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ एन. पी . सिंह और डॉ राहुल सिन्हा के अलावा संस्था सदस्यों ने रक्तदान किया। आज के कैम्प की शुरूवात सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने बदलाया कि वो खुद 43 बार रक्तदान कर चुके हैं और रक्तदान करना मानवता का सच्चा सम्मान है। इस मौके पर ब्लड शेयर एन यू के संस्थापक अनुपम कुमार सौरभ ने बतलाया कि विश्व रक्तदान दिवस मनाने का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, और उन स्वैच्छिक रक्तदाताओं को धन्यवाद देना है जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर के लोगों की जान बचाते हैं। ब्लड सेंटर की इंचार्ज डॉ मैथिली ठाकुर ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद दिया और रक्तदान करने का शपथ भी दिलवाया। इसके साथ ही सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट, बेज और उपहार भी दिए गए।आज के रक्तदान करने वालों में राजू महतो,अंजलि शर्मा, राजन जायसवाल, अभिषेक कुमार, राकेश कुमार, वेद प्रकाश, प्रवीण कुमार सिंह आदि रहे।

# शैक्षणिक उत्थान के लिए विद्यालयों में आपसी सहयोग व समन्वयन जरूरी : डॉ. गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो की आमसभा सह विदाई समारोह का आयोजन शनिवार देरशाम चास स्थित मेफेयर ग्रीन रिजॉर्ट में किया गया। इसमें सदस्य विद्यालयों के प्राचार्यों, निदेशकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा प्रमुख शैक्षणिक पहलों, संगठनात्मक विषयों एवं भविष्य की सहयोगात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। सहोदया के पूर्व महासचिव बिस्वजीत पात्रा के सम्मान में आयोजित इस विदाई समारोह में जहां उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया, वहीं सर्वसम्मति से पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास को नया महासचिव चयनित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सदस्यों ने नए महासचिव का स्वागत किया तथा संगठन को नई सोच, नई ऊर्जा एवं नवीन दिशा प्रदान करने में उनके हरसंभव सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी सदस्यों के निरंतर सहयोग एवं समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, सहोदया के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने एवं विद्यालयों के मध्य आपसी सहयोग व समन्वयन की भावना सुदृढ़ करने पर बल दिया। उपाध्यक्ष एवं अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो की प्राचार्या पी. शैलजा जयकुमार ने त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल, बोकारो में आयोजित पूर्व आमसभा की कार्यवाही तथा संगठन की गतिविधियों व भावी योजनाओं से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात पात्रा को ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्ष डॉ. गंगवार ने उनके समर्पित सेवा-भाव, प्रतिबद्धता एवं सहोदया के विकास में अमूल्य योगदान की सराहना की। जयकुमार ने भी पात्रा के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदस्य विद्यालयों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने, संस्थागत संबंधों को सुदृढ़ करने एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैठक में सहोदया के कोषाध्यक्ष एवं जीजीपीएस, सेक्टर-5 के प्राचार्य अभिषेक कुमार सहित पेंटेकोस्टल असेंबली स्कूल, बोकारो के निदेशक डॉ. डी. एन. प्रसाद, होली क्रॉस स्कूल, चंदनकियारी की प्राचार्या सिस्टर कमला पॉल, डी.वाई. पाटिल स्कूल के निदेशक पंकज कुमार सिंह तथा पेंटेकोस्टल असेंबली स्कूल की प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद ने भी महासचिव के रूप में पात्रा की अटूट निष्ठा, दूरदर्शी नेतृत्व एवं उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की।

संक्षिप्त खबरें

## थैलेसीमिक बच्चों के लिए देवदूत हैं हरबंश सलूजा : रो. डिंपल कौर




**बोकारो :** विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर ह्यूमैनिटी सेवियर्स एवं रोटरी क्लब चास के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया जिसमें रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ब्लड मैन सलूजा ने अपने जीवन का 58वां रक्तदान किया। वहीं 56 वर्षीय रोटेरियन शैल रस्तोगी ने अपना पहला रक्तदान किया। शिविर के नेतृत्वकर्ता एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा ने कहा की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रोटरी क्लब चास एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा समय–समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर ब्लड बैंक में रक्त मुहैया कराया जाता है। हमारी संस्था का यही प्रयास रहता है की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए कभी भी रक्त की कमी ना हो। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब चास हमेशा सामाजिक दायित्व के तहत समाज में अनेकों जरूरतमंदों के बीच अपनी सेवा देती रहती है, उसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। डिंपल कौर ने कहा की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा देवदूत हैं। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि समाज के सभी लोगों को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविरों का आयोजन कर ब्लड बैंक में भरपूर मात्रा में रक्त उपलब्ध कराना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद की जान रक्त की कमी से न जाने पाए। शिविर में रोटेरियन श्वेता रस्तोगी, रोटेरियन गौरव रस्तोगी, रोटेरियन मनजीत सिंह, रोटेरियन आनंद अग्रवाल, रोटेरियन शेशांक अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में रोटेरियन अमन मल्लिक, रोटेरियन कुमार अमरदीप, रोटेरियन संजय रस्तोगी, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, माया राय, श्यामल ठाकुर, तेजिंदर सिंह एवं रेड क्रॉस ब्लड बैंक के राजकुमार सहित पूरी टीम का मुख्य रूप से सहयोग रहा। अंत में रोटेरियन अमन मल्लिक ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## कम तेल की थाली से स्वस्थ परिवार और सशक्त भारत का निर्माण संभव : रमा सिन्हा



**बोकारो :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी जनजागरूकता अभियान कम तेल की थाली स्वस्थ भारत की खुशहाली के तहत बोकारो में रविवार को विशेष भोजन प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने कम तेल और कम ईंधन की खपत से तैयार पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का प्रदर्शन कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रभारी एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा ने कहा कि आज बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में महिलाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे परिवार को पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और ईंधन का सीमित उपयोग कर भी स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं। इससे न केवल परिवार का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला होती हैं। यदि मातृशक्ति स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प ले, तो पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ नागरिकों का होना आवश्यक है और इस दिशा में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रदर्शित व्यंजनों के माध्यम से महिलाओं ने यह संदेश दिया कि कम तेल का उपयोग केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से ही लाभकारी नहीं है, बल्कि यह हृदय रोग, मोटापा और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खतरे को भी कम करने में सहायक है। साथ ही कम ईंधन के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को भी बढ़ावा मिलता है। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती राणा उपस्थित थीं।

## टाटा स्टील प्लांट में चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने रविवार तड़के एक बड़ी चोरी की घटना को विफल करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से करीब 79 किलोग्राम तांबे की केबल बरामद की गई है, जिसे कथित तौर पर प्लांट परिसर से चोरी कर बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। सुरक्षा विभाग को मिली गोपनीय सूचना के बाद सुबह लगभग 4 :30 बजे जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील प्लांट के भीतर विशेष निगरानी और जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कंपनी की मूल्यवान सामग्री के साथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कॉपर केबल बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान जुगसलाई निवासी मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शहबाज और मुबारक अली के रूप में हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने तीनों से प्रारंभिक पूछताछ की और इसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए उन्हें बिष्टुपुर थाना पुलिस को सौंपने की कार्रवाई शुरू कर दी। टाटा स्टील प्रबंधन का कहना है कि सुरक्षा टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचने से बचा लिया गया। घटना के बाद प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निगरानी तंत्र को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि टाटा स्टील की ओर से चोरी के आरोप में तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं तथा आरोपितों का कोई आपराधिक इतिहास रहा है या नहीं।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार पुलिस अभ्यर्थियों ने पाटलिपुत्र स्टेशन पर क्यों किया हंगामा? ट्रेनें रोकीं

**पटना (एजेंसी)** बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया. ट्रेनों की कमी का आरोप लगाते हुए छात्रों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया और एक एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की. हालांकि प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित कर ट्रेन परिचालन बहाल कर दिया है. बिहार में मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर भारी हंगामा देखने को मिला. ट्रेनों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर प्रदर्शन किया. इस दौरान कई ट्रेनों को रोका गया और एक एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ की गई. जानकारी के अनुसार, आधी रात के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी स्टेशन पर जमा हो गए. छात्रों का आरोप था कि परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त ट्रेनें उपलब्ध नहीं हैं. देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन तेज हो गया और रेलवे ट्रैक पर बैठकर ट्रेन परिचालन बाधित कर दिया गया. माहौल शांत करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करना पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने बताया कि सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची. प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और परीक्षा देने जा रहे अन्य छात्रों का सहयोग करने की अपील की गई. के मुताबिक कुछ असामाजिक तत्वों ने बार-बार इमरजेंसी चेन खींची और अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन की मांग करने लगे. जबकि रेलवे पहले ही दो स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था कर चुका था. प्रशासन का कहना है कि कुछ लोगों ने उन अभ्यर्थियों को भी रोकने की कोशिश की जो परीक्षा केंद्र के लिए रवाना होना चाहते थे. इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा. फिलहाल स्थिति सामान्य है. सभी निर्धारित ट्रेनें रवाना हो चुकी हैं और रेल परिचालन भी सामान्य रूप से चल रहा है. 4,128 पदों के लिए 16 लाख से अधिक अभ्यर्थी सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए राज्यभर में 500 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. कुल 4,128 पदों पर भर्ती की जानी है. इसके लिए 16 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं. भर्ती प्रक्रिया के तहत कक्षपाल के 2,417 पद, मद्य निषेध सिपाही के 1,603 पद और चलंत दस्ता सिपाही के 108 पदों पर नियुक्ति होगी. 17 जून तक चलेगी परीक्षा परीक्षा 17 जून तक आयोजित की जाएगी। इसे दो पालियों में कराया जा रहा है. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी. दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. पहली पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक और दूसरी पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 1 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य है. इस बार परीक्षा में कई नए नियम लागू किए गए हैं. अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर पेन ले जाने की अनुमति नहीं होगी. सभी उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में ही पेन उपलब्ध कराया जाएगा. परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों को भी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी. अलग-अलग प्रश्नपत्र और कड़ी निगरानी हर शिफ्ट के लिए अलग प्रश्नपत्र और अलग शीट तैयार की गई है. प्रश्नपत्रों को निर्धारित समय पर अधिकारियों, शिक्षकों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में खोला जाएगा. परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है. बिना पहचान पत्र किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा. इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबंधित मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. साथ ही परीक्षा समाप्त होने से पहले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

### बिहार के इन 12 जिलों में 60 किमी की रफ्तार से आंधी और तेज बारिश की चेतावनी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. मौसम विभाग ने बिहार के 12 जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है. वहीं अगले तीन दिनों के भीतर पूरे बिहार में मानसून के पहुंचने की संभावना जताई गई है. बिहार में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है. मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है के अनुसार हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है. अगले कुछ दिनों तक सक्रिय रहेंगे बादल मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में बादलों की गतिविधियां बढ़ेंगी. इसके कारण कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है. हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं है. अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है. ऐसे में दिन के समय उमस और गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है. पटना में आज कैसा रहेगा मौसम? पटना में रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है. मौसम विभाग के अनुसार 15 जून को मौसम साफ रहने के आसार हैं. हालांकि दोपहर बाद बादलों की आवाजाही बनी रहेगी. वहीं 16 और 17 जून को हल्की बारिश हो सकती है. इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गई है. मौसम विभाग की चेतावनी, सावधानी बरतें जिन जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, वहां लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. विभाग ने कहा है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर नहीं रहें. इसके अलावा पेड़ों के नीचे खड़े होने और बिजली के खंभों के पास जाने से भी बचने की अपील की गई है. आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर शरण लेना जरूरी है.

### पाटलिपुत्र स्टेशन पर मद्य निषेध अभ्यर्थियों का बवाल, पथराव में रेल आईजी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

**पटना (एजेंसी)** बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों का गुस्सा रविवार को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर फूट पड़ा. ट्रेनों के विलंब और परीक्षा केंद्रों की दूरी से नाराज छात्रों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया. देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया और स्टेशन परिसर में पथराव व तोड़फोड़ शुरू हो गयी. हंगामे में रेल आईजी जितेंद्र राणा समेत कई पुलिस अधिकारी घायल हो गये. दानापुर स्थित पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी जुटे थे. अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा केंद्र दूर हैं और ट्रेनों के विलंब से उन्हें समय पर केंद्र तक पहुंचने में परेशानी हो रही है. नाराज छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर जाम लगा दिया. कई छात्र ट्रैक पर लेट गये और परीक्षा रद्द करने की मांग करने लगे. इसके कारण रेल परिचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया. राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें प्रभावित हंगामे के कारण पाटलिपुत्र स्टेशन से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया. राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को बीच रास्ते में रोकना पड़ा. वहीं कई अन्य ट्रेनों का रूट बदल दिया गया. इससे यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. अधिकारियों ने समझाने का किया प्रयास घटना की सूचना मिलते ही रेल आईजी जितेंद्र राणा, रेल एसपी, आरपीएफ और जिला पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाने और ट्रैक खाली कराने का प्रयास किया. हालांकि छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे और स्थिति लगातार तनावपूर्ण होती गयी. पथराव में रेल आईजी समेत कई घायल प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति बन गयी. इसी दौरान उग्र भीड़ की ओर से पथराव शुरू कर दिया गया. पथराव में रेल आईजी जितेंद्र राणा घायल हो गये. कई थाना अध्यक्ष, पुलिसकर्मी और जवानों को भी चोटें आयीं. उग्र प्रदर्शनकारियों ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर तोड़फोड़ कर रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाया. आंसू गैस, लाठीचार्ज और चेतावनी स्वरूप फायरिंग स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा. पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े.

# सीएम बनने के बाद कल पहली बार खिजरसराय पहुंचेंगे सम्राट चौधरी, टेक्नोलॉजी सेंटर का करेंगे भूमि पूजन

**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल यानी 15 जून को गया जी जिले के खिजरसराय प्रखंड पहुंचेंगे. यह सम्राट चौधरी का पहला खिजरसराय दौरा होगा. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. गया जी से संजीव कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल यानी 15 जून को गया जी जिले के खिजरसराय प्रखंड पहुंचेंगे. यह सम्राट चौधरी का पहला खिजरसराय दौरा होगा. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर एनडीए नेताओं तक सभी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं. मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया. इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाके में उत्साह और उत्सुकता का



माहौल है. मुख्यमंत्री के आगमन से पहले प्रशासन अलर्ट मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित दौरे को लेकर गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, मंच व्यवस्था और अन्य जरूरी तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. आजादी के बाद पहली बार गांव में पहुंचेगा कोई मुख्यमंत्री चिरैली पंचायत के पैक्स अध्यक्ष चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद पहली बार उनके गांव में किसी मुख्यमंत्री का आगमन होने जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण है और गांव के लोग मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर काफी उत्साहित हैं. टेक्नोलॉजी सेंटर का होगा भूमि पूजन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों प्रस्तावित टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा. इस परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है. स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे युवाओं को रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण के नए अवसर मिलेंगे. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि जिस स्थान पर टेक्नोलॉजी सेंटर का निर्माण होना है, वह क्षेत्र पहले वीरान और जंगल जैसा था. उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के प्रयासों से इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति मिली और अब मुख्यमंत्री के हाथों इसका भूमि पूजन होने जा रहा है. बाउंड्री वॉल का निर्माण पूरा परियोजना स्थल पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. वहीं शेष तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है. प्रशासन और संबंधित विभाग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं. जानकारी के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) की ओर से एक्सटेंशन सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा. इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र में कौशल विकास, रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल मुख्यमंत्री के आगमन की खबर से खिजरसराय और आसपास के गांवों में उत्सव जैसा माहौल है. स्थानीय लोग इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं और कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां कर रहे हैं. टेक्नोलॉजी सेंटर और एमएसएमई एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना से खिजरसराय क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखे जाने की उम्मीद है. स्थानीय लोगों का मानना है कि यह परियोजना आने वाले वर्षों में युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगी और क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी.

## पटना में नकली पनीर का हुआ खुलासा, कंकड़बाग के रेस्टोरेंट और मिठाई कारखानों पर छापा, उत्पाद और बिक्री पर भी रोक


**पटना (एजेंसी)** पटना के कंकड़बाग में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक रेस्टोरेंट और पांच मिठाई कारखानों में छापेमारी कर नकली पनीर, खराब काजू और संदिग्ध मसाले बरामद किए, कई जगह गंदगी के बीच मिठाइयां बनती मिलीं. विभाग ने नमूने जांच को भेजकर 14 दिन का नोटिस जारी किया है. (आनंद तिवारी की रिपोर्ट) पटना के कंकड़बाग इलाके में रेस्टोरेंट और प्रसिद्ध मिठाई दुकानों में नकली पनीर और मिठाई ग्राहकों को परोसे जा रहे हैं. इसका सेवन सेहत के लिए काफी घातक हो सकता है. लगातार ऐसे पनीर व मिठाई को खाने से आंतों के साथ लीवर भी डैमेज हो सकता है. खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में कंकड़बाग में नकली पनीर, खोया, काजू, हल्दी व धनिया पाउडर की सप्लाई का खुलासा हुआ है. खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश जी कश्यप की देखरेख में टीम ने कंकड़बाग के कॉलोनी मोड़ स्थित सेवन स्टोरीज रेस्टोरेंट में सबसे पहले छापेमारी की गई. जहां नकली पनीर, संदिग्ध धनिया, हल्दी, काली मिर्च व कई मसाले पकड़े गये. टीम ने तुरंत बिक्री पर रोक लगाते हुए सभी सामग्रियों को जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेज दिया है. साथ ही पनीर से बनने वाले सभी सामग्रियों की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है. पांच प्रसिद्ध मिठाई दुकान के कारखानों में छापेमारी, निर्माण पर रोक पटना के जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कश्यप ने कहा कि रेस्टोरेंट के बाद शालीमार, चिनार, निवेलटी, मोतीचूर लड्डू मिष्ठान भंडार समेत कुल पांच प्रसिद्ध मिठाई दुकानों के कारखानों में औचक छापेमारी की गई. ये सभी कारखाने कॉलोनी मोड़ से लेकर टैंपो स्टैंड और द्वारिका कॉलेज तक में बने कारखानों में छापेमारी की गई. जहां चिनार और निवेलटी में रखे गये काजू में गंध आ रहे थे और खराब हो चुके थे. इसके अलावा शालीमार, मोतीचूर के कारखानों में गुलाब जामून, रसगुल्ला गंदगी के बीच बनाया जा रहा था. जहां हाइजिंग पूरी तरह से खराब पाई गई. मुकेश कश्यप ने बताया कि रेस्टोरेंट और संबंधित मिठाई कारखानों को 14 दिन का नोटिस देते हुए मिठाई निर्माण पर रोक लगा दी गई है. क्या कहते हैं

## कौन है संतोष डॉन जिसके पटना से नालंदा तक 25 ठिकानों पर हुई रेड; 10 साल में बनाई 11.5 करोड़ की अवैध संपत्ति

**पटना (एजेंसी)** पटना में आर्थिक अपराध ईकाई ने भूमाफिया संतोष डॉन समेत 26 लोगों पर कार्रवाई की है. इनके 25 ठिकानों पर आज एकसाथ रेड की गई है. नीचे बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध ईकाई ने आज पटना के बड़े भू-माफिया में शुमार संजय कुमार उर्फ संतोष कुमार यादव उर्फ संतोष डॉन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संतोष डॉन फर्जी दस्तावेज तैयार कर, आपराधिक बल प्रयोग कर भूमि पर अवैध कब्जा करने, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से रंगदारी, लूट, अपहरण, हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट सहित कई दर्जनों घटनाओं में संलिप्त है. वह एक संगठित आपराधिक गिरोह बनाकर विगत 11 वर्षों में बड़े पैमाने पर परिसंपत्तियां अर्जित कर रहा था. वर्ष 2015 से अपराध जगत में आया संतोष डॉन कुख्यात अपराधी संतोष डॉन वर्ष 2015 में अपराध जगत में आया था. वर्ष 2017 से 2025 के बीच उसने करोड़ों रुपये मूल्य की अपराधजनित परिसंपत्ति अपने और अपने परिजनों के नाम से निर्बंधित कराई. वर्ष 2015 के पूर्व इसे मात्र 7 कट्ठा जमीन पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त थी. इसके द्वारा फर्जी मोबाइल सिम का उपयोग करते हुए अपराध किया जाता है. संतोष डॉन के विरुद्ध फतुहा, खुसरूपुर (पटना), भागनबिगहा, सोहसराय, रहुई (नालंदा) आदि थानों में कुल 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें रंगदारी, हत्या के प्रयास, चोरी, लूटपाट, आर्म्स एक्ट आदि धाराएं शामिल हैं. संतोष डॉन द्वारा चलाए जा रहे संगठित गिरोह में शामिल इसके सहित कुल 26 व्यक्तियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है. परिजनों-सहयोगियों के नाम मिली 11.50 करोड़ की संपत्ति संतोष डॉन ने स्वयं अपने नाम पर कुल 22 परिसंपत्तियां नालंदा एवं पटना के विभिन्न निबंधन कार्यालयों (ग्राम-इमामगंज, सिकंदरपुर, तुफानगंज, सुकरबेगचक, कटौना, हरदासबीघा, कासिमपुर, भूसकी, छोटकी नवादा एवं बैकटपुर आदि) में निर्बंधित कराई हैं. इनका निबंधन मूल्य करीब 4.44 करोड़ रुपये है. उसने अपनी मां लालती देवी के नाम पर करीब 3.36 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 23 परिसंपत्तियां, पत्नी अंजू देवी के नाम पर करीब 1.30 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 9 परिसंपत्तियां, सास मानो देवी के नाम पर करीब 83.45 लाख रुपये मूल्य की कुल 4 परिसंपत्तियां और भाई बाल्मीकी यादव एवं उसकी पत्नी रिंकु देवी के नाम करीब 1.15 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति निर्बंधित कराई है. इस प्रकार कुल लगभग 11.50 करोड़ की संपत्ति पाई गई है. इसके अलावा उसके सहयोगियों मिक्कु कुमार, कर्मवीर, रौशन कुमार, रंजीत सिंह, बिट्टू कुमार, सत्य प्रकाश, संजीव कुमार, दिलीप कुमार आदि के नाम पर कुल 17 परिसंपत्तियां निर्बंधित पाई गई हैं, जिनका कुल मुल्य करीब 1.79 करोड़ रुपये है. यहां क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करें एसटीएफ और पुलिस के सहयोग से 25 ठिकानों पर तलाशी आर्थिक अपराध इकाई ने आज 13 जून की सुबह 9 बजे से विशेष कार्य बल (ख्ळ्त्र), पटना एवं नालंदा जिला पुलिस के सहयोग से घेराबंदी करते हुए कुल 25 ठिकानों पर एक साथ तलाशी का कार्य संपन्न किया. इस कांड में संलिप्त कुल 26 अभियुक्तों के ठिकानों पर यह कार्रवाई की गई, जिनमें संजय कुमार उर्फ संतोष डॉन, बाल्मीकी प्रसाद, मिक्कु कुमार, पिक्कु कुमार, निक्कु कुमार, रविन्द्र कुमार, ललेन्द्र कुमार, कन्हैया यादव, रौशन कुमार, सत्यप्रकाश, अजीत कुमार, धर्मवीर कुमार, राजेश रंजन, धर्मवीर सिंह, राय बहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह,

## पटना में धूल भरी आंधी और बूंदाबांदी, लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली भारी राहत

**पटना (एजेंसी)** पटना. शनिवार की सुबह से ही राजधानी वासी उमस भरी गर्मी से बेहाल थे, लेकिन दोपहर बाद अचानक ढंइल्लं हींईौ१ में आए बदलाव ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। दिनभर की चिलचिलाती धूप और पसीने वाली गर्मी के बाद शहर और आसपास के इलाकों में तेज धूल भरी आंधी चली। इसके कुछ पटना. शनिवार की सुबह से ही राजधानी वासी उमस भरी गर्मी से बेहाल थे, लेकिन दोपहर बाद अचानक ढंइल्लं हींईौ१ में आए बदलाव ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। दिनभर की चिलचिलाती धूप और पसीने वाली गर्मी के बाद शहर और आसपास के इलाकों में तेज धूल भरी आंधी चली। इसके कुछ ही देर बाद शुरू हुई हल्की बूंदाबांदी ने तपिश को काफी हद तक कम कर दिया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना की रिपोर्ट के अनुसार, इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को फौरी राहत मिली है। शनिवार को राजधानी पटना का अधिकतम तापमान 38.2



डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। बीते कई दिनों से लगातार बढ़ती गर्मी और उमस के कारण आम जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा था। दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा था, लेकिन इस ताजा बूंदाबांदी ने शाम के वक्त मौसम को बेहद खुशनुमा बना दिया। राजधानी के जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) और अटल पथ जैसे खुले इलाकों में शाम के वक्त ठंडी हवाओं का आनंद लेने के लिए लोगों की चहल-पहल देखी गई। मौसम के इस यू-टर्न ने शहरवासियों के वीकेंड को और भी बेहतर बना दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान भी मौसम इसी तरह बदला-बदला सा रहेगा और कई स्थानों पर हल्की वर्षा की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। हालांकि, अचानक चली तेज आंधी की वजह से कुछ इलाकों में यातायात थोड़ी देर के लिए धीमा जरूर हुआ, लेकिन ठंडी हवाओं ने लोगों की सारी थकान दूर कर दी।

## बिहार को जुलाई में मिलेगी बड़ी सौगात, कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल लगभग तैयार, गांधी सेतु का घटेगा दबाव

**पटना (एजेंसी)** बिहार के बहुप्रतीक्षित कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है. मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने परियोजना का निरीक्षण कर जुलाई तक काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं. पुल शुरू होने के बाद पटना और उत्तर बिहार के बीच सफर तेज, आसान और सुगम हो जाएगा. बिहार के सबसे महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल अब लगभग तैयार हो चुका है. राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शनिवार को परियोजना स्थल का दौरा कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया. अधिकारियों के मुताबिक पुल को जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. अंतिम चरण में पहुंचा निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने मुख्य पुल, एप्रोच रोड और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की. उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिया कि अंतिम चरण के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो. साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को रोजाना मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया. मुख्य सचिव ने कहा कि यह परियोजना बिहार के परिवहन ढांचे के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. इसके शुरू होने से पटना और उत्तर बिहार के बीच कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा. 98 फीसदी से ज्यादा काम पूरा पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का करीब 98.2 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है. वर्तमान में पुल पर फिनिशिंग का काम चल रहा है. इसके अलावा एक्सपेंशन ज्वाइंट्स की स्ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी



कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं. यह पुल शुरू होने के बाद पटना से हाजीपुर, वैशाली और समस्तीपुर की ओर जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. इससे यात्रा का समय कम होगा और आवागमन पहले से अधिक आसान होगा. सबसे बड़ी बात यह है कि पुल के चालू होने के बाद गांधी सेतु पर वाहनों का दबाव भी काफी कम हो जाएगा. पटना और वैशाली को जोड़ेगा मेगा प्रोजेक्ट कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन ग्रीनफील्ड पुल परियोजना की कुल लंबाई 19.76 किलोमीटर है. इसमें 9.76 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और करीब 10 किलोमीटर लंबे एप्रोच रोड का निर्माण शामिल है. यह पुल पटना जिले के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ेगा. परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर बिहार की कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा.

## स्वच्छ पटना की ओर बड़ा कदम, मुफ्त होगी शौचालय सेवा, 19 मॉडल टॉयलेट्स के रखरखाव पर हर माह होंगे लाखों रुपये खर्च

**पटना (एजेंसी)** पटना नगर निगम ने शहर के 19 मॉडल सार्वजनिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को तीन वर्षों के लिए सौंप दी है. नई व्यवस्था के तहत लोगों को इन शौचालयों का उपयोग निःशुल्क मिलेगा, जबकि निगम प्रत्येक शौचालय पर 44 हजार रुपये प्रतिमाह और बिजली बिल का भुगतान करेगा. पटना नगर निगम ने शहरवासियों को स्वच्छ और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. निगम ने शहर के 19 आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंप दी है. इसके लिए दोनों पक्षों के बीच तीन वर्षों का समझौता किया गया है. अब निःशुल्क मिलेगी शौचालय की सुविधा नई व्यवस्था लागू होने के बाद आम लोगों को इन सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा. नगर निगम ने इन शौचालयों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंपी है, जिससे लोगों को बेहतर और स्वच्छ सुविधाएं मिल सकेंगी. हर महीने 8.36 लाख रुपये खर्च करेगा निगम समझौते के अनुसार नगर निगम सुलभ इंटरनेशनल को प्रत्येक शौचालय के लिए 44 हजार रुपये प्रतिमाह देगा. इसके अलावा बिजली बिल का भुगतान भी निगम की ओर से किया जाएगा. 19 शौचालयों के संचालन पर नगर निगम हर महीने कुल 8.36 लाख रुपये खर्च करेगा. शौचालयों के संचालन का समय निर्धारित नगर निगम के अनुसार मार्च से सितंबर तक सभी शौचालय सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक खुले रहेंगे. वहीं अक्टूबर से फरवरी तक इनका संचालन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक होगा. हालांकि, पटना जंक्शन गोलंबर स्थित सार्वजनिक शौचालय 24 घंटे आम लोगों के लिए खुला रहेगा. स्वच्छ पटना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल महापौर सीता साहू और उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने इस पहल को स्वच्छ पटना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उनका कहना है कि इससे शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता में भी सुधार होगा. कार्यक्रम में अधिकारी और प्रतिनिधि रहे मौजूद समझौता कार्यक्रम में सशक्त स्थायी समिति की सदस्य अनीता देवी, कुमार संजीत, मनोज कुमार और राज कुमार गुप्ता सहित नगर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. सुलभ इंटरनेशनल की ओर से जयप्रकाश झा, शिशिर झा, सतीश चंद्र झा और अमूल कुमार चौधरी ने भाग लिया. इन स्थानों पर स्थित हैं मॉडल सार्वजनिक शौचालय इस योजना के तहत बांकीपुर, नूतन राजधानी, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग और पटना सिटी अंचल के कुल 19 मॉडल सार्वजनिक शौचालय शामिल



किए गए हैं. इनमें कदमकुआं वेंडिंग जोन, रामपुर नहर, प्रेमचंद गोलंबर, विकास भवन, पटना चिड़ियाघर, एयरपोर्ट गोलंबर, वीरचंद पटेल पथ, पटना जंक्शन गोलंबर, बुद्ध मार्ग, पटना हाईकोर्ट, मल्टी लेवल कार पार्किंग, राजापुर पुल, बिस्कोमान भवन, बोरिंग कैनाल रोड, मीठापुर फ्लाईओवर, कंकड़बाग अंचल कार्यालय, भूतनाथ रोड पानी टंकी, कैमासिका नया टोला और मालसलामी सब्जी मंडी स्थित शौचालय शामिल हैं



# हमारे अच्छे कर्मों से खुश होते हैं भगवान

भगवान माला और माल से राजी नहीं होते, बल्कि हमारे कर्मों से प्रसन्न होते हैं। गीता निष्काम कर्मों के द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताती है। श्रेष्ठ कर्मों को ही सच्ची भक्ति समझो। इसीलिए अपने कर्मों को ही पूजा बना लो। जिस प्रकार कमल के पत्ते पानी में रहते हुए भी जल को अपने ऊपर नहीं आने देते। ऐसे ही निष्काम कर्मयोगी संसार में रहते हुए भी कर्मों के बंधन तथा मोह में आसक्त नहीं होते है। गीता संसार को कर्मशील व पुरुषार्थी होने का संदेश देती है। वह हमारे मन में स्वार्थ, लोभ, अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम व परोपकार के कर्मों की भावना जागृत करती है। वह श्रेष्ठ कर्म करते हुए इहलोक तथा परलोक दोनों के लिए उन्नति करने के लिए प्रेरणा देती है। हे मनुष्यों, वर्तमान जीवन और जगत को कर्मों की सुगंध से भरते चलो। कर्त्तव्य व दायित्व को ईमानदारी व कुशलता से निभाओ। गीता कह रही है- योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात जो भी कर्म करो, उसको पूर्णता, निपुणता, सुन्दरता और कुशलता से करो। जो इस तरह से जीवन को जीता है, गीता के अनुसार वह इस जीवन व जगत को सफल कर लेता है और उसका अगला जन्म भी सुधर जाता है।

तन के श्रृंगार में ही जो समय गंवा देते हैं वह इस नाशवान संसार में भटक कर रह जाते हैं लेकिन जो मन का श्रृंगार कर उसमें बैठे परमात्मा की आराधना करते है वह संसार की मलिनता से बच जाते हैं, वस्तुतः दुर्गुणों से ही जीवन में मलिनता आती है। इनसे बचने का एकमात्र उपाय वेद शास्त्र और पुराणों का मंथन करना तथा सज्जनों की संगति है। अतः हमें अपने कर्मों पर ध्यान देते हुए जीवन जीना चाहिए।




मनुष्य पांच तत्वों से बना है। इन तत्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

# पूजा पाठ के अंत में हवन करने का क्या कारण है?

सृष्टि के सभी तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु व आकाश के विभिन्न संयोजनों से बने हैं। जगत का ही एक अंश होने के कारण मनुष्य भी इन्हीं पांच तत्वों से बना है। इन तत्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

हमारे ऋषि अग्नि की इस विशेषता से भली भांति परिचित थे और इसीलिए हवन और दूसरे सभी वैदिक कर्मों में अग्नि का विशेष महत्त्व होता है। हवन मात्र एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक योगी के लिए उन दिव्य शक्तियों से वार्तालाप का माध्यम है जो इस सृष्टि को चलाती हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे तत्त्व शुद्ध नहीं हैं जिनसे मनुष्य बना है। जिस प्रकार इस संसार में पृथ्वी, जल, वायु व आकाश प्रदूषित हो जाते हैं, उसी प्रकार से मानव शरीर में भी इन तत्त्वों का प्रदूषित होना संभव है। यह प्रदूषण मनुष्य को पतन अथवा विकृति की ओर धकेलता है। मनुष्य में इन तत्त्वों के प्रदूषण का पता लगाना अति सरल है। पृथ्वी तत्त्व के दूषित होने से व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठित पद और भव्य जीवन शैली जैसी सुविधाएं पाने की इच्छाएं बेलगाम होने लगती हैं।

जब जल तत्त्व दूषित होता है तो अप्राकृतिक काम इच्छा जागृत होने लगती है। वैदिक शास्त्र अपनी स्वाभाविक इच्छाओं का दमन करने के लिए नहीं कहता। अग्नि तत्त्व को दूषित नहीं किया जा सकता। योग और सनातन क्रिया की साधना से साधक अग्नि तत्त्व के अनुकूल स्तर बनाए रख सकता है। वायु तत्त्व यह निश्चित करता है कि हृदय व फेफड़े ठीक से कार्य करें। इस तरह रक्त संचार प्रणाली और श्वास प्रणाली भी सही काम करती रहती है। अंत में दूषित आकाश तत्त्व के कारण थायरायड व पैराथायरायड ग्रंथियों के रोग और श्रवण शक्ति का क्षीण होना पाया जाता है। मात्र एक हवन में ही यह क्षमता होती है कि मनुष्य के सभी दोष समाप्त हो सकें।




# ऐसे पाइए रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति का आशीर्वाद...

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समम्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है।

भगवान गणपति के अनेक अवतार हुए हैं। उनके सभी चरित्र अनन्त हैं। पदम पुराण के अनुसार एक बार पार्वती जी ने अपने शरीर के मैल से एक पुरूषाकृति बनाई जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगा जल में डाल दिया। गंगा जल में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गई। पार्वती जी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा देव समुदाय ने उन्हें गंगये कहकर सम्मान दिया और ब्रहमाजी ने उन्हें गणों का अधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया।

लिंग पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्कर्म में विघ्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने तथास्तु कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया। समय आने पर गणेश जी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशुल तथा दूसरे में पाश था। देवताओं ने सुमन वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बारम्बार प्रणाम किया। भगवान शिव जी ने गणेश जी को दैत्यों के कार्यों में विघ्न उपस्थित करके देवताओं और ब्रह्माणों का उपकार करने का आदेश दिया।

प्रजापति विश्वकर्मा की सिद्धि बुद्धि नामक दो कन्याएं गणेश जी की पत्नियां हैं। सिद्धि से क्षेम और बुद्धि से लाभ नामक शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। शास्त्रों और पुराणों में सिंह मयूर और मूषक को गणेश जी का वाहन बताया गया है। गणेश पुराण के क्रिड़ा खण्ड में उल्लेख है कि कृतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है। वे दस भुजाओं वाले, तेज स्वरूप तथा सब को वर देने वाले हैं और उनका नाम विनायक है। त्रेता में उनका वाहन मयूर है, वर्ण श्वेत है तथा तीनों लोकों में वे मयूरेश्वर नाम से विख्यात हैं और छ भुजाओं वाले हैं। द्वापर में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं। कलयुग में उनका धूम्रवर्ण है। वे घोड़े पर आरूढ़ रहते हैं। उनके दो हाथ हैं तथा उनका नाम धूम्रकेतू है। मोदक प्रिय गणेश जी विद्या बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता तथा थोड़ी उपासना से प्रसन्न हो जाते हैं। उनके जप का मंत्र ओम गं गणपतेय नमः है।

# कैसे हनुमान जी आपका लॉकर सदा धन से भरा रखेंगे

जीवन की समस्त अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता होती है। कुछ लोग कम मेहनत करने पर भी अधिक धन संचित कर लेते हैं तो कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के उपरांत भी उनकी मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिल पाता। कई लोग ऐसे होते हैं जो कमाई तो अच्छी कर लेते हैं, लेकिन आगे के लिए कुछ बचा नहीं पाते। अगर धन का अगमान ठीक भी हो तो बढ़े हुए खर्च के कारण धन संबंधी परेशानी बनी रहती है। आप जब भी बैंक जाएं तो मन ही मन महालक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। ऐसा करने से बैंक में जमा पैसे पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी और उस पैसे में निरंतर बढ़ौतरी होती रहेगी।

ऊँ महालक्ष्म्यै नमः, ऊँ ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

निम्न पंक्तियों का प्रतिदिन जाप करने से हनुमान जी के साथ साथ यम, कुबेर एवं अन्य देवी-देवताओं की भी कृपा प्राप्त होगी। कुबेर देव की अनुकम्पा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा और सदा धन से भरा रहेगा।

जम कुबेर दिगपाल जहां ते। कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।

मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होने पर कुबेर जी अपना खजाना उनके भक्तों के लिए खोल देते हैं इसलिए मां लक्ष्मी के साथ साथ कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप घर में स्थापित करें। वास्तु शास्त्र के मतानुसार मां लक्ष्मी और कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप उत्तर दिशा की ओर स्थापित करें। इससे उत्तर दिशा सक्रिय होगी एवं धन आगमन में आने वाली समस्त बाधाओं का नाश होगा।



# इन महाविद्याओं से सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है

शिवपुराण के मतानुसार भगवान शिव शंकर के दस अवतारों में आदशक्ति मां दुर्गा समस्त अवतारों में उनके साथ अवतरित हुई थी। दस महाविद्यायों के नाम से जानी जानें वाली महामाया मां जगत् जननी दुर्गा के ये दस रूप तांत्रिकों एवं उपासकों की आराधना का अभिन्न अंग हैं। इन महाविद्याओं के माध्यम से उपासक को बहुत सी सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा एवं भगवान शिव शंकर के दस अवतार इस प्रकार हैं-

- भगवान शिव शंकर के महाकाल अवतार के समय देवी महाकाली के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के तारकेश्वर अवतार के समय देवी तारा के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भुवनेश अवतार के समय देवी भुवनेश्वरी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के षोडश अवतार के समय देवी षोडशी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भैरव अवतार के समय देवी जगदम्बा भैरवी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के छिन्नमस्तक अवतार के समय देवी छिन्नमस्ता के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के ध्रूमवान अवतार के समय धूमावती के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के बगलामुखी अवतार के समय देवी जगदम्बा बगलामुखी रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के मातंग अवतार के समय देवी मातंगी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के कमल अवतार के समय कमला के रूप में देवी उनके साथ अवतरित हुई।



## सरकार ने प्याज खरीद मूल्य बढ़ाकर 16.50 रुपए किलो किया

नई दिल्ली ।

सरकार ने प्याज किसानों को राहत देते हुए बफर स्टॉक कार्यक्रम के तहत प्याज की खरीद दर में बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब यह 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम (1650 रुपए प्रति क्विंटल) की दर से खरीदी जाएगी, जो पहले 15.80 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यह संशोधित मूल्य शनिवार से प्रभावी हो गया है, जो किसानों की आय सुनिश्चित करने और बाजार में कीमतों को स्थिर रखने में सहायक होगा। यह कदम मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत बफर स्टॉक कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके माध्यम से सरकार बाजार में संतुलन बनाए रखती है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि मौजूदा मंडी कीमतों और भंडारण योग्य प्याज की गुणवत्ता के मद्देनजर यह फैसला हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खरीद प्रक्रिया को बाजार की स्थितियों के हिसाब से बेहतर बनाने के लिए कीमत निर्धारण के तरीके में भी सुधार किया गया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक महाराष्ट्र के किसान खेती की बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 30 रुपए प्रति किलो की न्यूनतम खरीद कीमत की मांग कर रहे थे। इस साल सरकार का लक्ष्य दो लाख टन प्याज खरीद का है, जो पिछले वर्ष से कम है। केंद्र पहले भी दरें 12.70 रुपए से बढ़ाकर 15.80 रुपए प्रति किलो कर चुका है। मौजूदा सत्र की प्याज खरीद 15 मई को शुरू हुई थी।

## एआई निवेश में नरमी के संकेत, वैश्विक बाजारों में इंफ्रास्ट्रक्चर से घटा रुझान

**- ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट फंड्स से 10 अरब डॉलर की निकासी**

मुंबई ।

दुनियाभर के बाजारों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निवेश थीम की चमक अब थोड़ी फीकी पड़ती दिख रही है, खासकर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई-चेन से जुड़ी कंपनियों में। ब्रोकरेज फर्म इलारा कैपिटल की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक एआई आधारित निवेश के बड़े उछाल के बाद पहली बार निवेशक इन क्षेत्रों से अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं। इसका सीधा असर ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट (जेएम) फंड्स पर पड़ा है, जिनसे बीते छह हफ्तों में रिकॉर्ड 10 अरब डॉलर की निकासी दर्ज की गई। इस वैश्विक बदलाव की आंच भारत पर भी पड़ रही है, जहां से विदेशी निवेशक लगातार पूंजी निकाल रहे हैं। एक रिपोर्ट बताती है कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और कमोडिटी इकोसिस्टम में बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश को लेकर निवेशकों का उत्साह धीमा पड़ा है। पिछले एक साल से अधिक समय में यह पहली बार है जब इस थीम की रफ्तार कमजोर पड़ी है। इस रुझान के चलते, उन ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट फंड्स से 10 अरब डॉलर की निकासी हुई है, जो ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों के जरिए एआई थीम में निवेश के लिए पसंदीदा बन गए थे। कमोडिटी इक्विटी और कीमती धातुओं वाले फंड्स से भी बड़ी मात्रा में पैसा बाहर निकला है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि एआई तकनीक से सीधे लाभ कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में निवेशकों का भरोसा अब भी मजबूत बना हुआ है। हालिया बाजार सुधार के दौरान अमेरिकी टेक-फोकस्ड फंड्स में रिकॉर्ड 9 अरब डॉलर का निवेश आया, जबकि अमेरिकी शेयर बाजार में विदेशी निवेश लगातार 11वें सप्ताह भी सकारात्मक रहा और 10 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा। यह दर्शाता है कि निवेशक अब अधिक चुनिंदा हो गए हैं और सीधे एआई से लाभान्वित होने वाली कोर कंपनियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत के लिए यह ग्लोबल एआई निवेश थीम से जुड़ा बदलाव चुनौती भरा साबित हो रहा है। भारत और चीन उन प्रमुख बाजारों में शामिल हैं जहां से निवेशक पैसा निकालकर एआई से जुड़े वैश्विक अवसरों की ओर मोड़ रहे हैं। हालिया सप्ताह में भारत-केंद्रित फंड्स से लगभग 77 करोड़ डॉलर (770 मिलियन डॉलर) की निकासी हुई, जिसमें से 46 करोड़ डॉलर केवल फोकस्ड फंड्स से निकले। जेम फंड्स की तुलना में भारत का प्रदर्शन पिछले एक और तीन साल दोनों अवधियों में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक पूंजी का AI अवसरों की ओर शिफ्ट होना है।

# भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई का पलायन जारी, 2026 में 2.87 लाख करोड़ निकाले

**– भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक चिंताएं और रुपये की कमजोरी बनी मुख्य वजह**

नई दिल्ली ।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार से 62,853 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। वर्ष 2026 में अब तक भारतीय इक्विटी बाजार से एफपीआई ने लगभग 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं, जो पूरे वर्ष 2025 की कुल निकासी से कहीं अधिक है। भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक वृद्धि की चिंताएं और रुपये की लगातार कमजोरी इस पलायन की मुख्य वजह है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार 2026 में फरवरी को छोड़कर हर महीने एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे हैं। मार्च में रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी, जो किसी भी एक महीने की सबसे बड़ी निकासी थी। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार भू-राजनीतिक तनाव, प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत निर्णय और वैश्विक वृद्धि की चिंताएं निवेशकों में अनिश्चितता पैदा कर रही हैं। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि निवेशक जोखिम कम करने के लिए उभरते बाजारों से पूंजी निकालकर विकसित बाजारों या अपेक्षाकृत सुरक्षित परिसंपत्तियों में लगा रहे हैं। अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारतीय शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन और रुपये की लगातार कमजोरी (इस साल लगभग छह प्रतिशत) भी विदेशी निवेशकों के सतर्क रुख का कारण है। हालांकि, शेयरों के विपरीत एफपीआई ने जून के पहले पखवाड़े में बॉन्ड प्रतिभूतियों में 13,200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इस साल अब तक बॉन्ड में कुल निवेश 28,000 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

## एफटीए से भारतीय फर्नीचर उद्योग में निर्यात व विनिर्माण को मिलेगी नई रफ्तार

**- शुल्क रियायतों से विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी**

नई दिल्ली ।

भारत द्वारा हाल के वर्षों में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से देश के फर्नीचर उद्योग को निर्यात और घरेलू विनिर्माण दोनों में बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इन समझौतों के तहत मिलने वाली शुल्क रियायतें भारतीय कंपनियों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देंगी, जिससे देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत ने मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों से एफटीए लागू किए हैं, जबकि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों से वार्ता पूरी हो चुकी है। गुजरात स्थित निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज के एक प्रमुख अे धिकारी के अनुसार इन समझौतों से भारतीय फर्नीचर के लिए बड़े निर्यात अवसर खुलेंगे और आयात प्रतिस्थापन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। भारतीय उत्पाद अपनी गुणवत्ता और नवीनता के कारण वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं; निप्पॉनप्लाई जैसी कंपनियाँ अब उन्नत तकनीक वाले खरोंच-रहित और अग्निरोधी फर्नीचर का निर्माण कर रही हैं।

## अमेजन भारत में बढ़ाएगी रोबोटिक्स और ऑटोमेशन का उपयोग

**- कंपनी 2030 तक 35 अरब डॉलर के अतिरिक्त निवेश को प्रतिबद्ध**

नई दिल्ली ।

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में अपने परिचालन को और अधिक स्वचालित करने की तैयारी में है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह देश के फुलफिलमेंट केंद्रों में उन्नत रोबोटिक्स और स्वचालन प्रौद्योगिकियों का विस्तार करेगी। अमेजन रोबोटिक्स के एक मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी ने बताया कि भारत के फुलफिलमेंट नेटवर्क में पहले से ही एसएलएएम (स्कैन, लेबल, अप्लाई, मैनिफेस्ट) लेबलर जैसी कई स्वचालित प्रणालियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी इनमें निवेश जारी रखेगी और भारतीय बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अमेजन ने अब तक भारत में 40 अरब डॉलर का निवेश किया है और 2030 तक अतिरिक्त 35 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यूरोप में अगली पीढ़ी के 'प्रोटियस' रोबोट की तैनाती की जा रही है, जो कर्मचारियों को शारीरिक रूप से कठिन कार्यों में सहायता करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि समय के साथ कंपनी अपनी रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी का दायरा बढ़ाएगी और भविष्य में इसे अन्य क्षेत्रों में भी ले जाया जाएगा, जिससे भारत में भी इनकी तैनाती की उम्मीद है। कृत्रिम मेधा (एआई) और आपूर्ति श्रृंखला प्रौद्योगिकियों में निवेश पर ब्रैडी ने जिम्मेदार एआई विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि एआई के तेजी से विकसित होने के इस प्रारंभिक दौर में अत्यधिक नियमन नवोन्मेषण और प्रौद्योगिकी प्रगति को बाधित कर सकता है। उन्होंने कहा` कि मैं नहीं चाहूंगा कि इस शुरुआती दौर में अत्यधिक नियामकीय वातावरण के कारण नवोन्मेषण प्रभावित हो।

# वैश्विक संकेतों, फेड निर्णय और कच्चे तेल के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**– विश्लेषकों की निगाहें महंगाई आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की घोषणा और भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर**

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से वैश्विक संकेतों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी निर्णय और कच्चे तेल की कीमतों के रुख से निर्धारित होगी। विश्लेषकों का कहना है कि मई के महंगाई आंकड़े और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते जैसे भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। स्थानीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भरा रहने वाला है, जिनकी बदौलत बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने राय जताई है कि घरेलू स्तर पर मई माह के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। वैश्विक स्तर पर 16-17 जून को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक और उसके निर्णय पर निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। बाजार भागीदार फेडरल रिजर्व की टिप्पणियां, महंगाई के दृष्टिकोण, आर्थिक वृद्धि के अनुमान और भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के संकेतों का विश्लेषण करेंगे। इसके अतिरिक्त अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को संभावित शांति समझौता बाजार के लिए एक अहम भू-राजनीतिक घटनाक्रम होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते पर हस्ताक्षर और रणनीतिक महत्व वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी के लिए तुरंत खोलने की बात कही है, हालांकि असफल होने पर नए हमलों की संभावना का संकेत भी दिया है। इस समझौते की उम्मीदों से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में




पहले ही गिरावट आई है, जो भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए एक अत्यंत सकारात्मक संकेत है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी बाजार की दिशा तय करेंगी। जून के पहले पखवाड़े में एफपीआई भारतीय शेयरों से 62,853 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी कर चुके हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं, जो पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति भी निवेशकों की निगाहों में रहेगी।

# रीबॉक की भारत में बिक्री दोगुनी, हर साल 50 नए स्टोर खोलने की तैयारी

**– पिछले तीन साल में 210 से अधिक हुए स्टोर, छोटे शहरों और नए उत्पादों पर है कंपनी का फोकस**

नई दिल्ली ।

खेलों के` लिए जूते और परिधान बनाने वाले प्रतिष्ठित ब्रांड रीबॉक ने भारत में शानदार वापसी की है। आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड (एबीएलबीएल) के तहत इसकी बिक्री पिछले तीन साल में दोगुना से अधिक हो गई है। कंपनी अब इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए देश भर में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की तैयारी में है। एबीएलबीएल के मुताबिक इस अवधि में रीबॉक के स्टोर की संख्या 210 से अधिक हो गई है। भारत में विस्तार की अभी भी व्यापक संभावनाएं हैं, जिसे देखते हुए कंपनी अगले कुछ सालों तक हर वर्ष 40 से 50 नए स्टोर खोलने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। उप प्रबंध निदेशक ने बताया कि नए उत्पादों की मांग बिक्री को गति दे रही है और रीबॉक की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में लॉन्च की गई मल्टी-कोर्ट शूज की श्रृंखला को बाजार से सकारात्मक




प्रतिक्रिया मिली है। रीबॉक छोटे शहरों और उभरते खुदरा केंद्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रहा है, जहां बड़े अवसर मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि 2021 में आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) ने ऑथेंटिक ब्रांड्स ग्रुप से रीबॉक के भारत और आसियान देशों के लिए लाइसेंसिंग अधिकार प्राप्त किए थे, जिसे बाद में एबीएलबीएल के अंतर्गत शामिल किया गया।

उत्पाद नवाचार, श्रेणी विस्तार और नए बाजारों में पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर चलते हुए कंपनी रीबॉक की सतत वृद्धि को लेकर आश्वस्त है।

## जून में धड़ाम हुए सोने-चांदी के दाम, निवेशकों को खरीदारी का मौका

**एक महीने में सोना 9,434 रुपये तो चांदी 20,971 रुपये प्रति किलोग्राम तक हुई सस्ती**

नई दिल्ली ।

जून का महीना सोने और चांदी के निवेशकों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। इस दौरान दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जहां सोना प्रति 10 ग्राम 9,434 रुपये तक सस्ता हुआ, वहीं चांदी के दाम में भी प्रति किलोग्राम 20,971 रुपये की जोरदार कमी आई। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 29 मई को 24 कैरेट सोना 1,57,043 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो 12 जून तक घटकर 1,47,609 रुपये पर आ गया। इस तरह सोने में 9,434 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, चांदी भी इसी अवधि में 2,63,966 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 2,42,295 रुपये पर पहुंच गई, जिसमें 20,971 रुपये की बड़ी कमी आई। हालांकि, गिरावट के इस दौर पर शुक्रवार को कुछ समय के लिए ब्रेक लगा। गुरुवार को 24 कैरेट सोना 1,44,782 रुपये प्रति 10 ग्राम था, लेकिन शुक्रवार को यह बढ़कर 1,47,800 रुपये तक पहुंच गया। इस मामूली रिकवरी का कारण वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव में कमी और ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत में सुधार के संकेत बताए जा रहे हैं, जिसने निवेशकों की धारणा को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया।

# एनएसई अगले सप्ताह दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज

**5 लाख करोड़ से अधिक मूल्यांकन का अनुमान, केवल बिक्री पेशकश होगी**

नई दिल्ली ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अगले सप्ताह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष शुरुआती दस्तावेज दाखिल करने की तैयारी में है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार एनएसई 15 या 16 जून को यह महत्वपूर्ण कदम उठा सकता है, जिससे भारत के सबसे बड़े पूंजी बाजार आयोजनों में से एक की राह साफ होगी। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित मूल्यांकन वाला यह आईपीओ ऐतिहासिक हो सकता है। एनएसई का यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश पर आधारित होगा, जिसका अर्थ है कि एक्सचेंज कोई नया शेयर जारी नहीं करेगा। इसके बजाय, मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे, जिन्हें एनएसई बोर्ड ने 6 फरवरी को मंजूरी दी थी। प्रमुख शेयरधारकों में भारतीय जीवन बीमा निगम 10.72 फीसदी के साथ सबसे बड़ा, भारतीय स्टेट बैंक समूह लगभग 7.5 फीसदी के साथ और विदेशी निवेशक जैसे




टेमासेक की अरांदा इन्वेस्टमेंट्स व कनाडा पेंशन योजना निवेश बोर्ड शामिल हैं। एनएसई की सूचीबद्धता की योजना लगभग एक दशक से 'को-लोकेशन' विवाद सहित विभिन्न नियामक कारणों से अटकी हुई थी। इस विवाद के निपटारे और जनवरी में सेबी से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद आईपीओ प्रक्रिया को गति मिली है।

विश्लेषकों का मानना है कि दस्तावेज दाखिल होने के बाद आईपीओ की समयसीमा और अंतिम आकार पर अधिक स्पष्टता आएगी। एक्सचेंज ने इस प्रक्रिया के लिए 20 मर्चेंट बैंकरों सहित कई सलाहकारों की नियुक्ति की है।

## भ्रामक दावों पर एफएसएसएआई का शिकंजा 8 खाद्य कंपनियों को नोटिस

**'हेल्दी' और 'वीगन' जैसे प्रचार पर नियामक ने जताई आपत्ति**

नई दिल्ली ।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन के आरोप में आठ खाद्य कंपनियों को नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों पर भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और उत्पाद दावों का इस्तेमाल कर उपभोक्ताओं को गुमराह करने का आरोप है। नोटिस पाने वाली कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, टूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स शामिल हैं। नियामक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी दी है। एफएसएसएआई के अनुसार इमामी हेल्दी एंड टेस्टी का 'ट्रेड' नाम और प्लान बी का बिना आवश्यक स्वीकृति के 'प्लांट बेस्ड वीगन' उत्पादों का प्रचार उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाला पाया गया है। एफएसएसएआई ने द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' जैसे दावों, न्यूहर्ब्स की 'टू विटामिन' श्रृंखला के व्यापारिक नाम और टूवी के 'हेल्दी मिक्स




वेजी चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए हैं। नियामक का कहना है कि इन उत्पादों में अन्य सामग्री भी शामिल होने से 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है। इसी तरह हेल्दी मास्टर की टैगलाइन ''विजन टू सर्व हेल्दी'', हेल्दी चॉइस के ''हेल्दी फूड फॉर हेल्दी लाइफ पोहा'' और हेल्थ एड के ब्रांड नाम पर भी आपत्ति जताई गई है। प्राधिकरण का मानना है कि ये नाम और दावे उत्पादों की प्रकृति को लेकर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं, जिसका उल्लंघन खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दंडनीय है। इस कार्रवाई का उद्देश्य उपभोक्ताओं को भ्रामक जानकारी से बचाना और बाजार में उत्पादों की सही जानकारी उपलब्ध करवाना है।

## तेल-तिलहन बाजार में मिला-जुला रुख, सोयाबीन-पाम में गिरावट, सरसों में सुधार

**अमेरिका-ईरान तनाव टलने से स्थानीय मांग प्रभावित; सोयाबीन, पाम और मूंगफली में नरमी, सरसों-बिनौला में सुधार**

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध की आशंका टलने से स्थानीय मांग कमजोर पड़ी, जिससे सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल और पामोलीन के साथ-साथ मूंगफली तेल के दाम में गिरावट दर्ज की गई।

वहीं सरसों और बिनौला तेल में मामूली सुधार देखा गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर मांग और आयातकों की लागत से नीचे बिकवाली के कारण सोयाबीन तेल व पाम-पामोलीन तेल के दाम घटे। मूंगफली की गर्मी की फसल की आवक बढ़ने से भी इसकी कीमतों पर भारी दबाव रहा, जिससे मूंगफली तेल-तिलहन में नरमी आई।

हालांकि, सरसों की कमजोर आवक के कारण इसके दाम में मामूली सुधार हुआ, जबकि नगण्य उपलब्धता के चलते बिनौला तेल में हल्की मजबूती दर्ज की गई। सोयाबीन तिलहन के दाम तेल रहित खल (डीओसी) की सामान्य मांग के कारण स्थिर बने रहे। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 25 रुपये के सुधार के साथ 7,675-7,700 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 15,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 5-5 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,585-2,685 रुपये और 2,585-2,730 रुपये टिन (15 किलो) पर मजबूत बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 6,975-7,025 रुपये और 6,825-6,900 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर दिल्ली में सोयाबीन तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 15,600 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 15,550 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 12,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।गर्मी की फसल आने के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-7,150 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 220 रुपये की गिरावट के साथ 15,480 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 30 रुपये की गिरावट के साथ 2,460-2,760 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

# टॉप 8 कंपनियों का मार्केट कैप 1.90 लाख करोड़ बढ़ा

**– रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल भी फायदे में, टीसीएस और एलआईसी को नुकसान**

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी से शीर्ष 10 में से आठ मूल्यवान कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1.90 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ, जबकि सेंसेक्स 1.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी एक प्रतिशत मजबूत हुआ। लाभ में रहने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 56,223 करोड़ रुपये बढ़कर 9.61 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 38,571 करोड़ रुपये बढ़कर 11.89 लाख करोड़ रुपये रहा, वहीं भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन भी 36,137 करोड़ रुपये बढ़कर 9.38 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके विपरीत, टाटा




कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 13,296 करोड़ रुपये घटकर 7.82 लाख करोड़ रुपये रह गया, और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 822 करोड़ रुपये घटकर 5.05 लाख करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक जैसे दिग्गज शामिल रहे।

# टीएमसी के 22 सांसदों ने थामा एनसीपी का दामन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में राजनीतिक हलचल के बीच 22 सांसदों के एक गुट ने पार्टी से अलग होकर नए राजनीतिक रुख का दावा किया है। बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) का दामन थामने की बात कही है और आने वाले समय में एनडीए को समर्थन देने की संभावना जताई है। बागी गुट के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि सभी सांसदों ने मिलकर नया राजनीतिक कदम उठाया है और वे अब नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि यह कदम कानूनी अड़चनों से बचने और संगठनात्मक पहचान को स्पष्ट करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में टीएमसी के नाम और प्रतीक पर दावा किया जाएगा और इस पर अंतिम निर्णय



अदालत द्वारा लिया जाएगा। उनके अनुसार, पार्टी विभाजन के नियमों के तहत उनके पास दो-तिहाई सांसदों का समर्थन है, जिसे लेकर उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से भी मुलाकात की है।

सूत्रों के अनुसार, बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर अपने नए गुट को मान्यता देने की मांग की है। इस बैठक से पहले उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर भी चर्चा की थी।

बागी सांसदों की सूची में काकोली घोष दस्तीदार, यूसुफ पठान, सायोनी घोष सहित लगभग 22 सांसद शामिल बताए जा रहे हैं, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी के टिकट पर जीत हासिल की थी। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर टीएमसी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह दावा सही साबित होता है तो पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

### ममता ने सायोनी घोष को तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाया

पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी भारी राजनीतिक घमासान के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बड़ा कदम उठाया है। ममता बनर्जी से बगावत करने वाली टीएमसी सांसद सायोनी घोष के खिलाफ शनिवार को कड़ा एक्शन लेते हुए उन्हें तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। पार्टी की आंतरिक कलह के बीच यह ममता बनर्जी की तरफ से दिया गया अब तक का सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। सायोनी घोष, जिन्हें कभी ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी का बेहद करीबी माना जाता था, हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान 'काबा-मदीना' गीत गाने को लेकर काफी सुर्खियों में आई थीं।

### पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ी



पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के लिए एक और बड़ा झटका सामने आया है। सात बार के विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को भेजते हुए कहा कि जिन राजनीतिक मूल्यों और सिद्धांतों के कारण उन्होंने पार्टी का दामन थामा था, तृणमूल कांग्रेस अब उनसे दूर होती जा रही है।

## एक नजर

### रेलवे इंजीनियर 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने असम के सिलचर में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफ रेलवे) के एक वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (एसएसई) को एक ठेकेदार से 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने रविवार को बताया कि इस संबंध में 13 जून को इस ठेकेदार ने शिकायत दर्ज कराई। इसमें उसने कहा कि उसका लगभग 20 लाख रुपये का एक बिल एसएसई के पास स्वीकृति के लिए लंबित था। 12 जून को बिल मंजूर कराने के लिए मुलाकात के दौरान उन्होंने 20 हजार रुपये घूस मांगी।एजेंसी के अनुसार, शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सी एंड डब्ल्यू), एनएफ रेलवे, सिलचर कुंतल चक्रवर्ती को ठेकेदार से रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। उसे 14 जून को गुवाहाटी की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा।

### अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते का ड्राफ्ट तैयार

**वॉशिंगटन :** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव में बड़ी कूटनीतिक प्रगति की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों देशों के बीच एक संभावित शांति समझौते का विस्तृत ड्राफ्ट तैयार हो गया है, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, तेल प्रतिबंध, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा और आर्थिक राहत जैसे अहम मुद्दों पर सहमति बनने का दावा किया जा रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि समझौते का अंतिम मसौदा लगभग तैयार है और औपचारिक हस्ताक्षर के बाद 60 दिनों के भीतर आगे की विस्तृत वार्ता की जाएगी। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने पर सहमत बताया जा रहा है। इसके बदले में अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सैन्य गतिविधियों और किसी भी प्रकार की नौसैनिक रोक को कम करने या समाप्त करने पर विचार कर सकता है। दोनों देश समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त तंत्र बनाने पर भी सहमत बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका ईरान की लगभग 25 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियों को चरणबद्ध तरीके से जारी करने पर राजी हो सकता है। साथ ही तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देकर ईरान को अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोबारा प्रवेश का मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है। समझौते के ड्राफ्ट में सबसे अहम मुद्दा ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ा है। ईरान ने कथित तौर पर यह आश्वासन दिया है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और यूरेनियम संवर्धन सहित अपने कार्यक्रम पर कड़े प्रतिबंधों का पालन करेगा।

### यूक्रेन ने रूस के यारोस्लाव क्षेत्र में तेल सुविधा केंद्र को निशाना बनाया

**इस्तांबुल :** यूक्रेन ने रूस के ऊर्जा और औद्योगिक ढांचे पर बड़ा हमला करते हुए यारोस्लाव क्षेत्र के एक प्रमुख तेल भंडारण केंद्र और तुला क्षेत्र के अजोत केमिकल प्लांट को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि यह कार्रवाई रूस की युद्ध क्षमता को कमजोर करने और मॉस्को पर दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। तुर्किए की सरकारी संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रूस के यारोस्लाव क्षेत्र स्थित महत्वपूर्ण तेल भंडारण केंद्र और तुला क्षेत्र के अजोत केमिकल प्लांट पर हमला किया है। उनके अनुसार, ये दोनों प्रतिष्ठान रूस की ईंधन आपूर्ति और सैन्य उत्पादन क्षमता के लिए अहम हैं।

## ज्ञान बिंदु वाले रौशन आनंद सर के भाई की नेपाल के होटल में मौत, खान सर केस में थे आरोपी

एजेंसी

**पटना :** सुबह अचानक रौशन आनंद सर के भाई प्रिंस यादव की मौत की बात सामने आई है। प्रिंस यादव की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। यह भी कहा जा रहा है कि खान सर के कोचिंग सेंटर से जुड़े विवाद में प्रिंस यादव भी आरोपी थे।खान सर कोचिंग सेंटर विवाद मामले में आरोपी पटना के चर्चित ज्ञान बिंदु जी.एस. एकेडमी के निदेशक रौशन आनंद के भाई की अचानक में मौत हो गई है। यह मौत नेपाल में हुई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि नेपाल के एक होटल में रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव ठहरे हुए थे। लेकिन रविवार की सुबह अचानक प्रिंस यादव की मौत की बात सामने आई है। प्रिंस यादव की ब्रेन हेमरेज से मौत की बात सामने आ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि खान सर के कोचिंग सेंटर से जुड़े विवाद में प्रिंस यादव भी आरोपी थे।कहा जा रहा है कि



रौशन आनंद सर के भाई की मौत के बाद उनके साथ होटल में मौजूद सभी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। कहा जा रहा है कि नेपाल पुलिस इस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। प्रिंस यादव की मौत की पुष्टि के बाद उनके शव को भारत लाया जा रहा है। प्रिंस यादव रौशन आनंद सर के छोटे भाई बताए जा रहे हैं। पटना में फैजल खान उर्फ खान सर के कोचिंग सेंटर खान ग्लोबल इंस्टीच्यूट पर 2 जून को हुए हमले और तोड़फोड़ के मामले में केस दर्ज होने के बाद से रौशन आनंद पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। इस पूरे विवाद में दर्ज एक दूसरे केस में खान सर भी आरोपी हैं।

## विश्व मंच पर मजबूत हुई भारत की सांस्कृतिक पहचान : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और सभ्यतागत मूल्यों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में पिछले वर्षों में हुए प्रयासों को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध ज्ञान-परंपरा को भी दुनिया के साथ साझा कर रहा है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक संदेश में उन्होंने बताया कि भारत की कई सांस्कृतिक परंपराओं को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में स्थान मिला है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि भारत के कई नए स्थलों को विश्व धरोहर का दर्जा मिला है, जबकि विदेशों में पहुंच




चुकी बहुमूल्य और प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की स्वदेश वापसी भी सुनिश्चित की गई है। यह प्रयास देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने यह भी उल्लेख किया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना भारत में की गई है। इससे भारतीय चिकित्सा ज्ञान और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। योग के वैश्विक प्रसार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज एक वैश्विक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। वर्तमान में 175 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के माध्यम से योग और भारतीय जीवन-दर्शन का संदेश दुनिया भर में पहुंच रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान के प्रसार और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से भारत अपनी सभ्यतागत पहचान को मजबूत करते हुए विश्व समुदाय को निरंतर प्रेरित कर रहा है। भारत की संस्कृति, परंपराएं और जीवन मूल्य आज भी वैश्विक स्तर पर शांति, संतुलन और मानव कल्याण का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सरकार का उद्देश्य खेती को लाभकारी बनाना और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि करना : शिवराज

एजेंसी

**विदिशा :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। यहां किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, नवीन कृषि तकनीकों, फसल संरक्षण, जैविक खेती तथा कृषि आधारित उद्यमों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खेती को लाभकारी बनाना और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि करना है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को मध्य प्रदेश विदिशा जिले के ग्राम बेरखेड़ी जैतू में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) के भूमिपूजन कार्यक्रम




को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर इस केन्द्र के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषकगणो के अलावा अन्य मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के स्थापित होने से विदिशा जिले के किसानों को वैज्ञानिक मार्गदर्शन स्थानीय स्तर पर प्राप्त होगा। इससे नई तकनीकों का तेजी से प्रसार होगा और किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ा सकेंगे। उन्होंने किसानों से खेती में नवाचारों को अपनाने और वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। विदिशा में किसानों की पाठशाला केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम भीड़ जुटाने या भाषण देने के लिए नहीं, बल्कि किसानों की ट्रेनिंग के लिए हैं। यहाँ आए किसान किसी बस या गाड़ी से भरकर नहीं लाए गए, जो सीखना चाहता है वह अपने साधन से आया है, इसलिए मंचीय औपचारिकताओं की जगह सीधी क्लास होगी। यहाँ बैठे हर किसान को विद्यार्थी माना जाए, जिनके लिए वैज्ञानिक अपनी बात सीमित शब्दों में रखेंगे और फिर सीधे खेत में ले जाकर मशीनों और नई तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

### असम से वापस भेजे गए नौ बांग्लादेशी नागरिक 'नो मैन्स लैंड' में फंसे

**मानकाचार :** असम के दक्षिण सालमारा-मानकाचार जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रविवार सुबह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान नौ अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पुशबैक किया गया। सूत्रों के अनुसार, इनमें से छह लोगों को मानकाचार के झालाचार सीमा चौकी के माध्यम से तथा शेष तीन को शाहापारा सीमा चौकी से बांग्लादेश की ओर भेजा गया। पुशबैक किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। अभियान के बाद मामले को लेकर भारत की बीएसएफ और बांग्लादेश की बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच फ्लैग मीटिंग आयोजित की गई।

## अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी पर विवाद ट्रस्ट के कर्मचारी के घर गोबर में मिले 10 लाख

एजेंसी

**अयोध्या :** अयोध्या के श्री राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के आरोपों के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया था कि राम मंदिर में भक्तों ने जो दान चढ़ाया है उसका गबन हुआ है। इन आरोपों के बाद और ट्रस्ट के कहने पर उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच समिति का गठन किया है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद हुई धर-पकड़ में मंदिर के दान पेटी से निकले कैश की गिनती से जुड़े एक कर्मचारी के घर पर गोबर में दबे 10 लाख रुपए कैश मिले हैं। इसके बाद मामला और भी



ज्यादा गंभीर हो गया है। हर दिन करोड़ों रुपए के दान को संभालने वाले श्री राम मंदिर में पैसे के गबन की खबरों के बीच पूरे देश में इसकी चर्चा हो रही है। इन आरोपों की वजह से ट्रस्ट के ऊपर भी सवाल उठ रहे हैं। आइए जानते हैं अभी तक इस पूरे घटनाक्रम में क्या हुआ है...समाजवादी पार्टी ने लगाए गंभीर आरोप

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में दान में आए पैसे में गबन की खबरें सबसे पहले उस वक्त शुरू हुई जब 7 जून को समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे पवन पांडेय ने मंदिर से करोड़ों रुपए के गबन का आरोप लगाया। इसके समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया साइट पर इस मुद्दे को उठाया और कोर्ट से इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, ₹भगवान राम के उपासकों के लिए एक बेहद संवेदनशील समाचार है राम मंदिर में आए चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पाई गई है। यह मंदिर के ट्रस्ट के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की माँग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है।

**"अखिलेश यादव के आरोपों के बाद ट्रस्ट का बयान आया**

इसके बाद भाजपा की तरफ से लगातार अखिलेश यादव के इन बयानों को राजनीति से ओत-प्रोत बताया गया। हालांकि, विवाद उस समय बढ़ गया, जब पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि उन्हें दान की राशि के कथित दुरुपयोग की जानकारी है। हालांकि, उन्होंने इस मुद्दे पर कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के इस बयान के बाद श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बयान भी सामने आया।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी नौसेना और भारतीय जहाजों के सूझबूझ से बची 14 भारतीय नाविकों की जान

**नयी दिल्ली :** ओमान के तट के निकट अरब सागर में एक बड़ा समुद्री हादसा सामने आया है, जहां डूब रहे एक भारतीय मालवाहक जहाज से सभी 14 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया। यह कामयाबी अमेरिकी नौसेना की त्वरित कार्रवाई और भारतीय नौसेना के बीच बेहतरीन तालमेल के चलते हासिल हुई। संकट में फंसा जहाज भारतीय ध्वज वाला 'एमएसवी विराट-1' था, जो ओमान के रास अल हद्द से करीब 80 समुद्री मील दूर अचानक पानी भरने के कारण तेजी से डूबने लगा था। स्थिति को बिगड़ता देख चालक दल ने तुरंत आपातकालीन संदेश (डिस्ट्रेस कॉल) जारी किया था। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में नियमित गश्त पर तैनात अमेरिकी नौसेना का अत्याधुनिक पी-8 पोसाइडन समुद्री गश्ती विमान सबसे पहले मौके पर पहुंचा। विमान के पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए डूबते जहाज के पास बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भरी और नाविकों के लिए हवा से एक इन्फ्लेटेबल लाइफ राफ्ट नीचे गिराया। जहाज पर सवार सभी 14 नाविक मुस्तैदी दिखाते हुए सुरक्षित रूप से उस लाइफ राफ्ट पर सवार हो गए। इसके तुरंत बाद अमेरिकी विमान ने पास के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहे अन्य वाणिज्यिक जहाजों से संपर्क साधा। उस समय ओमान के सोहार बंदरगाह से मुंबई की ओर जा रहा सेंट किट्स एंड नेविस ध्वज वाला मालवाहक जहाज 'एमवी जबल अली-9' सबसे नजदीक था। अमेरिकी विमान के अनुरोध पर जहाज के कप्तान ने फौरन अपनी दिशा बदली और लाइफ राफ्ट की ओर बढ़े। करीब एक घंटे के भीतर ही इस जहाज के चालक दल ने सभी 14 भारतीय नाविकों को सुरक्षित अपने जहाज पर रेस्क्यू कर लिया। अमेरिकी नौसेना से अलर्ट मिलते ही भारतीय नौसेना ने भी तत्परता से कदम उठाए और अरब सागर में तैनात अपने युद्धपोतों को 'एमवी जबल अली-9' की ओर रवाना किया। वहीं, मस्कट में स्थित भारतीय दूतावास ने ओमान की समुद्री सुरक्षा एजेंसियों और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल संपर्क साधा। शुरूआती चिकित्सा जांच के बाद राहत की बात यह रही कि बचाए गए सभी नाविक पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित हैं। समुद्री विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि जहाज काफी पुराना था और उसके लकड़ी के ढांचे में खराबी आने के कारण उसमें पानी भरने लगा था। यह सफल रेस्क्यू ऑपरेशन ऐसे समय में पूरा हुआ है, जब ओमान की खाड़ी और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर पहले से ही क्षेत्रीय तनाव बना हुआ है।

### अम्फान राहत कोष घोटाले का आरोप, अभिषेक बनर्जी पर 200 करोड़ की अनियमितता की शिकायत

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में चक्रवात अम्फान राहत कोष का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ राहत कोष के वितरण में 200 करोड़ रुपये से अधिक की कथित अनियमितताओं को लेकर पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके बाद राज्य का सियासी पारा अचानक चढ़ गया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि साल 2020 में आए विनाशकारी अम्फान चक्रवात के बाद प्रभावित लोगों के पुनर्वास और राहत कार्यों के लिए आवंटित की गई भारी-भरकम राशि के इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर वित्तीय हेरफेर किया गया। विपक्ष ने इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए राज्य सरकार पर पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाया है और पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है ताकि राहत राशि के दुरुपयोग का पूरा सच जनता के सामने आ सके। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि आगामी राजनीतिक समीकरणों और चुनावी माहौल को भुनाने के लिए विपक्ष द्वारा यह बेबुनियाद मुद्दा उठाया जा रहा है। टीएमसी नेताओं का दावा है कि आपदा के समय राज्य सरकार ने पूरी मुस्तैदी और नियमानुसार राहत कार्य किए थे। पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद अब राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस मामले में प्राथमिक जांच आगे बढ़ती है, तो आने वाले दिनों में सरकार और विपक्ष के बीच टकराव और ज्यादा तीखा हो सकता है।

### जम्मू में कार और ट्रक की टक्कर, हरियाणा के तीन लोगों की मौत

**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक ट्रक से कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा नगरोटा के जगती-कारली इलाके में रात करीब 2.15 बजे हुआ, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान हरियाणा के रहने वाले सिकंदर सैफी, शक्ति और मोहित वर्मा के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि दो अन्य घायलों दीपक वर्मा और कुलदीप शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नीट मामले में मुजफ्फरपुर पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में नीट परीक्षा के नाम पर फर्जी प्रश्न पत्र तैयार कर टेलीग्राम के माध्यम से ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है। मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) काँतेश मिश्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस कांड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के चार और सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे अब तक पकड़े गए आरोपियों की कुल संख्या पांच हो गई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनमें ठगी से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। एसएसपी मिश्रा ने बताया कि यह गिरोह नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को निशाना बनाता था। वे टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से फर्जी प्रश्न पत्र बेचने का झांसा देते थे। छात्रों से पैसे लेने के बाद वे उन्हें नकली प्रश्न पत्र भेजते थे, जिससे छात्रों को भारी धोखा मिलता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने कई लोगों के खातों में रुपये मंगवाए थे, जिससे उनके नेटवर्क की जटिलता का पता चलता है। गिरफ्तारी मुजफ्फरपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से की गई है, जिनमें सिंकदरपुर थाना और नगर थाना शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तेजी से जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि अब तक जो सबूत मिले हैं, उनसे साफ है कि यह एक संगठित अपराध था, जिसमें कई लोग शामिल थे। इस घटना ने एक बार फिर परीक्षा पद्धति में पारदर्शिता और सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया है। पुलिस ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी संदिग्ध ऑफर से सावधान रहें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

### सोलापुर में तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिरने से 14 लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सोलापुर के मालशिरस तहसील में तंदुवाड़ी गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मालशिरस पुलिस मौके पर पहुंची और कुंए से शवों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया है। हादसे में मरने वाले सभी भक्त पंढरपुर के रंजनी गांव के रहने वाले थे। इस भयानक हादसे के बाद पूरे पंढरपुर में मातम पसर गया है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि रंजनी गांव के रहने वाले लोग आज म्हसवड-पंढरपुर रोड से सिद्धनाथ के दर्शन करने गए थे। सिद्धनाथ के दर्शन करके गांव लौटते समय मालशिरस तहसील के म्हसवड-पंढरपुर रोड पर तंदुवाड़ी गांव के पास उनका टेम्पो कुएं में गिर गया और टेम्पो में सवार 14 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तंदूरी से गांव वाले तुरंत मौके पर पहुंचे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902